हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 29 अगस्त 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 26.4 डिग्री

शुक्रवार को राखी के अवसर पर ट्रेनों में रही भीड़।

खपरगंज में देर रात तक तनाव

थाने का घेराव कर लोगों ने मचाया हंगामा, पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात
कलेक्टर, एसएसपी सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी सिटी कोतवाली थाने पहुंचे

दो गुटों में संघर्ष, पुलिस पर पथराव के बाद आंसू गैस के गोले चले

घायल तारबाहर टीआई।

पथराव में टूटा पुलिस वाहन का कांच।

आंसू गैस चलाते पुलिसकर्मी।

सिटी कोतवाली थाने के पास पथराव करते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के बीचोंबीच घनी आबादी वाले इलाके खपरगंज में शुक्रवार की रात एक युवक पर पत्थर चलाए जाने के बाद दो गुटों में जमकर संघर्ष हुआ, विवाद बढ़ते बढ़ते सामुदायिक तनाव तक पहुंच गया। दोनों गुटों ने पहले एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की, उसके बाद बीच बचाव करने पहुंची पुलिस पर भी जमकर पथराव किया गया। जिससे तारबाहर टीआई घायल हो गए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्के बल प्रयोग के बाद आंसू गैस के गोले चलाने पड़े। देर रात तक पूरे इलाके में तनाव फैला रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम खपरगंज इलाके में दो युवकों में विवाद हो गया, जिसमें एक युवक ने दूसरे पर पत्थर चला दिया। इसकी जानकारी मिलने के बाद घायल युवक के साथी उस क्षेत्र में पहुंच गए और देखते ही देखते दो गुटों में मारपीट होने लगी, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर सिटी कोतवाली थाने के पुलिसकर्मी विवाद सुलझाने गए तो लोगों ने पुलिसवालों पर पथराव करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद ने सामुदायिक तनाव का रूप ले लिया और दोनों समुदायों की ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गई। लोगों ने सिटी कोतवाली रोड पर खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए, कई गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ की। पथराव में तारबाहर टीआई हरिशंकर तिवारी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार सिविल ड्रेस में लोगों को समझाइश देने गए एक अन्य पुलिस अधिकारी के साथ भी लोगों ने मारपीट की। इस बीच बड़ी संख्या में लोगों ने सिटी कोतवाली थाने का घेराव कर दिया। विवाद बढ़ते देख पुलिस ने तेलीपारा और गोल बाजार रोड पर बेरीकेडिंग कर लोगों की आवाजाही बंद करा दी। कुछ ही देर में मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। उसके बाद भी पथराव करने वाले पत्थर चलाते ही रहे।

कलेक्टर, एसएसपी पहुंचे पुलिस थाने

तनाव बढ़ने की जानकारी मिलने पर एसएसपी रजनेश सिंह व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सिटी कोतवाली थाने पहुंच गए। अधिकारियों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भीड़ को नियंत्रित करने का आदेश दिया। देर रात कलेक्टर संजय अग्रवाल भी सिटी कोतवाली थाने पहुंच गए। रात तक पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की सिटी कोतवाली थाने में बैठक चलती रही। वहीं सिटी कोतवाली थाने के बाहर लोगों की भीड़ लगी रही।

बल प्रयोग के बाद आंसू गैस के गोले चले

पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, परन्तु पथराव जारी रहा। कुछ देर बाद पुलिस ने पथराव करने वालों को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया, उसके बाद भी स्थिति नियंत्रित नहीं होने पर आंसू गैस के गोले चलाए गए, उसके बाद भीड़ तितर बितर हुई। हालांकि उसके बाद भी स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।

दोनों गुटों को समझाने का होता रहा प्रयास

इस मामले में पुलिस ने देर रात तक किसी के खिलाफ जुर्म दर्ज नहीं किया था। पुलिस दोनों गुटों को समझाने और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास करती रही। उसके बाद भी इलाके में देर रात तक वातावरण तनावपूर्ण बना रहा। पथराव में तारबाहर टीआई हरिशंकर तिवारी के अलावा कुछ अन्य पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर है।

स्थिति को नियंत्रित किया जा रहा

दो युवकों के आपसी विवाद में एक ने दूसरे पर पत्थर चला दिया था, उसके बाद विवाद बढ़ गया। पुलिस पर भी पथराव किया गया है। फिलहाल किसी के खिलाफ जुर्म दर्ज नहीं किया गया है, स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है।

- **पंकज पटेल**, एडीशनल एसपी सिटी

आपस में भिड़ते लोग

हंगामा मचाती भीड़

घटनास्थल पहुंचे एसएसपी

सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के हरदीकला टोना का मामला

आपसी विवाद में भाइयों के बीच चला सब्बल, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मृतक

रक्षाबंधन के पर्व पर विशेष चौकसी के बीच सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में 12 घंटे के अंदर दो खूनी वारदात से सनसनी फैल गई। अलग अलग घटनाओं में इस क्षेत्र में दो लोगों की हत्या हो गई। पुलिस देर रात तक दोनों हत्या के मामले में हत्यारों का सुराग नहीं लगा पाई थी।

जानकारी के अनुसार सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के हरदीकला टोना में शुक्रवार की दोपहर एक ही परिवार के दो भाई सुदर्शन कुर्रे और सुभाष कुर्रे के बीच आपसी विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। सावन मास की समाप्ति के बाद रक्षाबंधन के पर्व पर दोनों शराब के नशे में थे। विवाद का कारण था कि आरोपी सुदर्शन कुर्रे अपने भांजे के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर रहा था। इस दौरान बड़े मामा सुभाष कुर्रे ने अपने भाई सुदर्शन कुर्रे को भांजे के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने से मना किया। सुदर्शन कुर्रे भांजे को छोड़कर सुभाष कुर्रे पर नाराज हो गया और विवाद करना शुरु कर दिया। आपसी विवाद के दौरान आरोपी सुदर्शन कुर्रे ने अपने भाई सुभाष कुर्रे पर सब्बल से हमला किया, जिससे सुभाष कुर्रे को गंभीर चोट पहुंची और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद पूछताछ करती पुलिस।

हत्यारों की पतासाजी

परिवारिक विवाद में दो भाईयों के बीच आपसी विवाद में एक भाई ने दूसरे भाई की सब्बल मारकर हत्या कर दी है। वहीं दूसरी घटना में शराब दुकान पर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। दोनों मामले की हत्यारों की पतासाजी की जा रही है।

- **आकाश चौधरी**, थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी

शाम को चला चाकू

हरदी में दूसरी घटना शाम 7 बजे हुई। यहां आउटर में बने शराब भट्ठी पर हरदी निवासी 34 वर्षीय राकेश प्रजाति शराब लेने के लिए गया था। शराब भट्ठी में भीड़ और दारू लेने वालों की लंबी कतार में वह भी खड़े हो गया। इस दौरान उसका किसी अज्ञात युवक से विवाद हुआ। अज्ञात आरोपी ने विवाद के दौरान राकेश प्रजापति के पेट में चाकू से हमला कर दिया। चाकू मारकर आरोपी युवक वहां से फरार हो गया। आनन-फानन में घायल राकेश प्रजाति को हास्पिटल ले जाया गया, जहां उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आउटर में है दारू भट्ठी

सिरगिट्टी क्षेत्र में दारू भट्ठी का संचालन जिस स्थान पर किया जा रहा है, वह शहर और ग्रामीण एरिया के आउटर में है। यहां सिरगिट्टी के अलावा आसपास के गांव एवं शहर से भी बड़ी संख्या में शराब का सेवन करने वाले लोग पहुंचते हैं, जिसके कारण वहां काफी भीड़ होती है। युवक की मौत के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अज्ञात आरोपी की तलाश में सीसी टीवी फुटेज खंगालने के साथ पूछताछ शुरु कर दिया है।

राजकिशोर नगर निवासी महिला की पतासाजी में जुटा प्रशासन

नेपाल में फंसी शहर की महिला, परिजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेपाल में फंसी महिला

- शहर से अकेले, लेकिन कलकत्ता से 30 की संख्या में रवाना हुआ था दल

शहर के राजकिशोर नगर में रहने वाली महिला के नेपाल त्रासदी में फंसने की सूचना मिल रही है। परिजनों के मुताबिक 21 अगस्त को उनका 30 लोगों का दल कलकत्ता से नेपाल के लिए रवाना हुआ था, लेकिन इसी बीच नेपाल में आई आपदा में वे भी फंस गए। परिजनों की महिला से 25 अगस्त को अंतिम बार बात हुई थी, लेकिन अब संपर्क नहीं हो पा रहा है, जिससे वे परेशान हैं। जिला प्रशासन भी महिला की पतासाजी में जुटा है।

राजकिशोर नगर निवासी मंजु रॉय चौधरी एक ब्यूटिशियन हैं, जो कि यहां अकेले रहकर बसंत विहार चौक के आसपास ब्यूटी पार्लर का संचालन करती हैं। नेपाल टूर की प्लानिंग होने पर वे 21 अगस्त को कोलकाता से नेपाल के लिए रवाना हुई हैं। इनके ग्रुप में कुल 30 लोग शामिल हैं। इनका नेपाल टूर तीन सितंबर तक के लिए तय था व सितंबर को ही उनकी नेपाल से वापसी होनी थी, लेकिन इसी बीच नेपाल में यह हादसा हो गया। परिजन का कहना है कि उनके ग्रुप में जितने भी लोग हैं उनमें से किसी का भी संपर्क नंबर उनके पास उपलब्ध नहीं है। उन्होंने इस बात पर संतोष भी जाहिर किया है कि चूंकि मंजु रॉय ने अपने मोबाईल में इंटरनेशनल रोमिंग की सुविधा एक्टिवेट नहीं कराई थी, जिसके कारण ही हो सकता है उनसे मोबाईल पर संपर्क नहीं हो पा रहा होगा। बहरहाल उनकी तलाश में परिजन काफी परेशान हैं व लगातार अपने संपर्कों की मदद से पतासाजी कर रहे हैं। इधर जिला प्रशासन द्वारा भी महिला की पतासाजी में जुटा हुआ है।

अपडेट लिया जा रहा है

महिला की कोलकाता निवासी एक परिचित ने उनके सुरक्षित स्थान पर पहुंच जाने, लेकिन मोबाईल पर संपर्क नहीं हो पाने की बात कही है। प्रशासन स्तर पर लगातार इस मामले की पतासाजी कर लगातार अपडेट लिया जा रहा है।

- **संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

संपर्क नहीं हो पा रहा है

मेरी बहन मंजु रॉय चौधरी बिलासपुर में रहती हैं, जो कि बिलासपुर से कोलकाता तक तो अकेले आई हैं, लेकिन यहां से 30 लोगों के ग्रुप में नेपाल के लिए 21 अगस्त को रवाना हुई हैं। तीन सितंबर को उनकी नेपाल से वापसी होनी थी, लेकिन इसी बीच नेपाल में हादसे की सूचना मिल रही है। मेरी अंतिम बार उनके मोबाईल पर 25 अगस्त को उनसे बात हुई थी, उसके बाद उनसे किसी तरह से संपर्क नहीं हो पा रहा है।

- **समीर मंडल**, परिजन, कोलकाता

खबर संक्षेप

श्री मदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ

चकरभाठा/सकर्रा। समीपस्थ ग्राम हरदी (हिर्री)में श्रीमदभागवत कथा का आयोजन स्व देवेंद्र कौशिक कि स्मृति में किया जा रहा है। शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ वेदी पूजन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा के व्यास पीठ पं. आलोक चौबे (अमसेना वाले) हैं। मुख्य यजमान दयाराम कौशिक, उत्तरा कौशिक रहेंगे। यह आयोजन ग्राम के रामायण मंच पर किया जा रहा है।

निधन

जमोत्री यादव

बिलासपुर। तिफरा कुंदरापारा मूल निवासी घोंघाडीह जमोत्री यादव का 72 वर्ष की आयु में 28 अगस्त हो निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार तिफरा स्थित मुक्तिधाम में किया गया है। वे कुशल यादव की पत्नी कमल यादव, कृष्ण कुमार व कामेश्वर यादव की मां थीं।

अश्वनी कुमार गुप्ता

बिलासपुर। जूना बिलासपुर किला वार्ड निवासी अश्वनी कुमार गुप्ता जैकी का 28 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 अगस्त की सुबह 11 बजे दयालबंद स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रामेश्वर प्रसाद गुप्ता के पुत्र थे।

राजेन्द्र कुमार दुबे

सकरी। सरकंडा निवासी राजेन्द्र कुमार दुबे का 66 वर्ष की आयु में 27 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सीमा दुबे के पति, जिवेश, कुमारी, सुरभि के पिता एवं अनिल पप्पू शर्मा, अधिवक्ता राकेश चौबे के जीजा थे।

ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव

मुंगेली। अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति मुंगेली के तत्वावधान में सावन उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और उमंग के साथ किया गया। सावन की हरियाली, श्रृंगार और पारंपरिक उल्लास से सराबोर इस आयोजन में समाज की बड़ी संख्या में बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान गीत, संगीत, नृत्य, कैटवॉक एवं विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुषमा श्रीकांत पाण्डेय ने की। मुख्य अतिथि नेहा आशीष तिवारी रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि स्नेहिल पाण्डेय, विजयलक्ष्मी अवधेश शुक्ला, चंद्रकांता प्रभात तिवारी, सुधा रानी शर्मा एवं गिरिजा छत्रपाल उपाध्याय ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की

सावन उत्सव में शामिल ब्राम्हण समाज की महिलाएं।

शोभा बढ़ाई। सावन के पारंपरिक रंग को जीवंत करते हुए प्रतिभागियों ने गीत–संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। संचालन प्रीति शर्मा एवं कल्पना मिश्रा ने किया। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए निर्णायक मंडल में रितु पाण्डेय, शोभा किरण शुक्ला एवं रूपरेखा शर्मा शामिल रहीं। गीत प्रतियोगिता में प्रथम मीनाक्षी उपाध्याय, द्वितीय यामिनी मिश्रा, तृतीय दुर्गा शर्मा, सावन सुंदरी प्रतियोगिता में प्रथम सोमी पाण्डेय, द्वितीय प्रियंका पाण्डेय, तृतीय आंचल पाण्डेय, कैटवॉक प्रतियोगिता में प्रथम प्रीति शर्मा, द्वितीय शैल दीवान एवं रितु अवनीश तिवारी, तृतीय शैल शर्मा एवं रंजिता उपाध्याय, एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम अमिता मिश्रा, द्वितीय अनीता तिवारी एवं यामिनी मिश्रा, तृतीय संगीता पांडेय, सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्वाति पाण्डेय एवं मीनाक्षी पाण्डेय, द्वितीय अनीता तिवारी एवं अनीता शुक्ला, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रानी मिश्रा, विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस आयोजन को सफल एवं व्यवस्थित बनाने में सर्व ब्राह्मण समाज की जिला अध्यक्ष मंजुला शर्मा, अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति की जिला अध्यक्ष उर्वशी पाठक, सचिव कल्पना मिश्रा एवं रश्मि तिवारी की सक्रिय भूमिका रही।

वन्यजीव के हमले से मृतक के परिवार को दी सहायता

तखतपुर। ग्राम बांधा निवासी धरमजीत पिता राजेन्द्र धृतलहरे (उम्र लगभग 25 वर्ष) की हिंसक वन्यप्राणी के हमले में हुई दर्दनाक मृत्यु पर केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बिलासपुर सांसद श्री तोखन साहू तथा विधायक धर्मजीत सिंह ने गहरा दुःख व्यक्त किया।

घटना की जानकारी मिलते ही केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने दिल्ली से संबंधित अधिकारियों को तत्काल पीड़ित परिवार को नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं, विधायक धर्मजीत सिंह ने भी संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर परिवार को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक पहल की। दोनों जनप्रतिनिधियों की पहल के बाद 25 हजार की अग्रिम सहायता प्रदान की गई है। आवश्यक

औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद 5.75 लाख की शेष सहायता भी परिवार को प्रदान की जाएगी। इस प्रकार पीड़ित परिवार को कुल 6 लाख की आर्थिक सहायता मिलेगी। आज ग्राम बांधा पहुंचकर केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री श्री तोखन साहू एवं विधायक धर्मजीत सिंह ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और व्यकतिगत रूप से भी आर्थिक सहयोग की। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। विधायक श्री धर्मजीत सिंह ने भी परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में डॉली का चयन

लोरमी। संभाग स्तरीय शालेय खेलकूद बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में हुआ जिसमें आत्मानंद स्कूल लोरमी की कक्षा 10वीं की छात्रा डॉली श्रीवास, पिता कमलेश श्रीवास ने 4 प्रतिभागियों को हराकर राज्य स्तर में अपनी जगह बनाई है। जिससे लोरमी क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। डाली श्रीवास भाजपा के जिला संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ कमलेश श्रीवास की सुपुत्री है।

रंजिश में हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

मुंगेली। थाना सिटी कोतवाली में हत्या के गंभीर मामले में सत्र न्यायाधीश मुंगेली गिरिजा देवी मरावी ने आरोपी सुखचंद यादव पिता धनुष यादव, निवासी ग्राम संगवाकापा को दोषी ठहराते हुए धारा 302 भारतीय दंड विधान के तहत आजीवन कारावास एवं 500 के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

प्रकरण के अनुसार 1 अप्रैल 2024 को करीब 8 बजे आरोपी सुखचंद यादव ने गांव के बगीचा क्षेत्र में पीपल पेड़ के नीचे मालिकराम श्रीवास के साथ बांस के डंडे से मारपीट कर उसे गंभीर चोटें पहुंचाई थीं। घटना के बाद मालिकराम श्रीवास को उपचार के लिए जिला अस्पताल मुंगेली ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर

दिया। बताया गया कि आरोपी और मृतक के बीच वर्ष 2023 में भी विवाद हुआ था। अभियोजन के अनुसार इसी पुराने विवाद के चलते आरोपी ने मालिकराम श्रीवास के साथ मारपीट की, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के परीक्षण के आधार पर न्यायालय ने आरोपी सुखचंद यादव को हत्या के अपराध में दोषी माना और धारा 302 भारतीय दंड विधान के तहत आजीवन कारावास तथा 500 के अर्थदंड से दंडित किया।

मुंगेली के दो थानों में ई–मालखाना शुरू जब्त साम्रगी का होगा डिजिटल रिकार्ड

सेतगंगा/मुंगेली। संभाग में सर्वप्रथम जिले के 2 थानों में ''ई–मालखाना'' का उद्घाटन किया गया। बारकोड स्कैन कर डिजिटल रूप से जप्त सामानों को सुरक्षित रखा जाएगा। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज रामगोपाल गर्ग ने जिले के 2 थाना फास्टरपुर एवं जरहागांव में ''ई–मालखाना मैनेजमेंट सिस्टम'' का शुभारंभ किया।

जिसमें पुलिस थानों में विभिन्न अपराधों, मर्ग एवं अन्य प्रकरणों में जब्त की गई सामग्री को केस प्रापर्टी के रूप में मालखाने में सुरक्षित रखा जाता है। बड़ी संख्या में विभिन्न प्रकार की जब्त सामग्री होने के कारण उनके रिकार्ड का व्यवस्थित संधारण एवं आवश्यकता के समय संबंधित सामग्री की जानकारी प्राप्त करना महत्वपूर्ण होता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ''ई–मालखाना मैनेजमेंट सिस्टम'' लागू किया जा रहा है। ''ई–मालखाना मैनेजमेंट सिस्टम'' के माध्यम से मालखाने में रखी गई केस प्रापर्टी एवं जब्त सामग्री का डिजिटल रिकार्ड तैयार किया जाएगा। इस प्रणाली के

ई–मालखाना का शुभारंभ करते पुलिस अधिकारी।

अंतर्गत विभिन्न अपराधों में जब्त की गई नकदी, वाहन, हथियार, एनडीपीएस एक्ट से संबंधित सामग्री, आबकारी एक्ट से संबंधित सामग्री तथा अन्य प्रकार की केस प्रापर्टी जप्त सामाग्री का डिजिटल रिकार्ड संधारित किया जाकर रिकार्ड व्यवस्था के साथ आने वाली कठिनाइयों को कम करने तथा रिकार्ड अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखने में सहायता मिलेगी। प्रत्येक जब्त सामग्री की पहचान एवं ट्रैकिंग के लिए ''यूनिक बारकोड'' का उपयोग किया जाएगा। बारकोड के माध्यम से संबंधित केस प्रापर्टी की पहचान करना तथा उसके रिकार्ड को कम्प्युटर के माध्यम से डिजिटल सिस्टम में आसानी से खोजना संभव होगा। इससे किसी प्रकरण की केस प्रापर्टी के संबंध में जानकारी आवश्यकता पड़ने पर कम समय में प्राप्त की जा सकेगी। पुलिस थानों में डिजिटल पुलिसिंग को मजबूत करने के साथ–साथ पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक व्यवस्थित एवं जवाबदेह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे मालखाना प्रबंधन में तकनीकी का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा तथा केस प्रापर्टी से संबंधित रिकार्ड के संधारण में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी।

लोरमी के सैकड़ों घरों में मनाया गया प्रकृति वंदन

लोरमी। क्षेत्र के अनेक गांवों, सैकड़ों घरों में प्रकृति वंदना करके रक्षाबंधन मनाया गया। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि मुंगेली के आह्वान पर राष्ट्रवादी स्वयंसेवकों व पर्यावरण प्रेमी परिवारों ने सहभागिता निभाते हुए पेड़ों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को त्यौहारों के माध्यम से व्यक्त करने का सुंदर माध्यम बनाया। जिस तरह बहन की रक्षा का वचन भाइयों द्वारा लिया जाता है। इसी प्रकार का संदेश एक व्यक्ति होने के नाते पौधों को नुकसान न पहुंचना, नए-नए पौधे लगाना और उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षण प्रदान करना जैसे सामूहिक संकल्प लेते हुए परिवार सहित पेड़-पौधों की आरती पूजन करना, यज्ञ हवन करके प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना जैसी सुंदर गतिविधियां संघ के स्वयंसेवकों, प्रकृति प्रेमियों और हिंदू समाज ने अभियान चलाया। इस संबंध में समाज सेवी प्रकृति पूजक राजकुमार कश्यप ने कहा कि नेपाल की त्रासदी हमें पुकारकर कह रही है कि प्रकृति से छेड़छाड़ मानव के लिए एक बड़ी समस्या बन सकती

है। इसलिए सभी को सजकता का परिचय देते हुए अधिक से अधिक पेड़ पानी और पॉलिथीन पर काम करना ही पड़ेगा। अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देना ही पड़ेगा। जिला संयोजक ताम्रध्वज कश्यप, उमाशंकर राजपूत, कलेश्वर कश्यप, सीताराम कश्यप, जितेंद्र सिंह, चंद्रकांत सिंह, महेश कश्यप, महावीर राजपूत, भूपेंद्र ढीमर, मुकेश कश्यप, सिद्धार्थ जोशी, वीरेंद्र कश्यप, संजय राठौर ने पूरे समाज को इस अभियान से जुड़कर प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य निर्वहन करने का आह्वान किया है।

खबर संक्षेप

प्रणवम फेस्टिवल का उद्घाटन समारोह आज

बिलासपुर। साईं नृत्य निलयम की ओर से आयोजित 'प्रणवम फेस्टिवल' का उद्घाटन समारोह शनिवार 29 अगस्त को शाम 5.30 बजे लखीराम मेमोरियल ऑडिटोरियम में होगा। भारतीय शास्त्रीय नृत्य को समर्पित इस आयोजन में नृत्य प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। समारोह में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला मुख्य अतिथि तथा नगर निगम की महापौर पूजा विधानी विशिष्ट अतिथि होंगी। आयोजन साईं नृत्य निलयम द्वारा किया जा रहा है, जो मध्य भारत में भारतीय शास्त्रीय नृत्य के प्रशिक्षण और संवर्धन के लिए कार्यरत संस्था है। समारोह में कलाकारों द्वारा भारतीय नृत्य की विभिन्न प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

छग हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता के पद के लिए विवेक का नाम प्रस्तावित

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता के पद के लिए अधिवक्ता विवेक शर्मा का नाम प्रस्तावित किया गया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव ने 25 अगस्त को इस संबंध में सूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि फुलकोर्ट के प्रस्ताव के अनुसरण में महाधिवक्ता विवेक शर्मा का नाम वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित करने के लिए प्रस्तावित किया गया है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय (वरिष्ठ अधिवक्ता पदनाम) नियम 2025 के नियम 6 (6) के अनुसार प्रस्तावित पदनाम के संबंध में अन्य हितधारकों से सुझाव और विचार आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पक्ष अपने सुझाव अथवा विचार 31 अगस्त तक हाईकोर्ट सचिवालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त सुझावों और विचारों पर विचार नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने विवेक शर्मा को नवंबर 2025 में राज्य का महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है।

राष्ट्र स्तरीय वैज्ञानिक संगोष्ठी में मनोज सम्मानित हुए

बिलासपुर। राष्ट्रीय वैज्ञानिक दृष्टिकोण जन-जागरूकता शैक्षिक संगोष्ठी डोंगरगढ़ के आयोजक मंडल प्रकृति शिक्षक विज्ञान यात्रा द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से आए 200 शिक्षक शामिल हुए। इसमें पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चकरभाठा के व्याख्याता मनोज कुमार यादव ने भाग लिया। अपने विचारों से निर्णायक मंडल एवं संगोष्ठी में आए शिक्षक,बाल वैज्ञानिक शिक्षाविदों को अपने भाषण से प्रेरित किया । उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल विषय नहीं, बल्कि तर्क, प्रमाण और सत्य की खोज करने की दृष्टि है। शिक्षक के रूप में हमारा दायित्व है कि हम विद्यार्थियों में जिज्ञासा, प्रश्न करने की क्षमता और वैज्ञानिक सोच विकसित करें। अंधविश्वास से ऊपर उठकर तथ्य, प्रयोग और विवेक को अपनाना ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। यही जागरूक समाज और विकसित राष्ट्र की मजबूत नींव है। इस अवसर पर मनोज मिश्रा, कालिदास नायकड़े, अभिषेक शुक्ला एवं श्रीनिवास मिश्रा के हाथों सम्मानित किया गया।

31 अगस्त को होगी आफलाइन काउंसिलिंग

सीयू : दो राउंड आनलाइन काउंसिलिंग के बाद भी यूजी की 50 फीसदी सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सीयूईटी के अंकों के आधार पर दो बार आनलाइन काउंसिलिंग हो चुका है और दो राउंड के काउंसिलिंग बाद भी यूजी की लगभग 2200 सीटों में से 50 फीसदी सीटें खाली रह गई हैं, इसलिए यूनिवर्सिटी खाली सीटों को भरने 31 अगस्त को आफलाइन काउंसिलिंग आयोजित कर रही है, जिसके लिए सीयूईटी आधार पर तीसरी मेरिट लिस्ट निकाली गई है।

- प्रवेश के लिए तीसरी मेरिट लिस्ट जारी

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में दो राउंड आनलाइन काउंसिलिंग के बाद भी स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों की सीटें फूल नहीं हो पाई है और लगभग 50 प्रतिशत सीटें खाली हैं। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में लगभग 2200 सीटें हैं, जिनमें से करीब 1100 सीटों पर ही एडमिशन हो पाया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सभी टीचिंग डिपार्टमेंट की ओर से 3 अगस्त को यूजी फर्स्ट सेमेस्टर में एडमिशन के लिए पहली मेरिट लिस्ट निकाली गई थी। इस लिस्ट में जिन-जिन स्टूडेंट्स का नाम था, उन्हें एडमिशन लेने के लिए 4 अगस्त से 8 अगस्त तक समय दिया गया। स्टूडेंट्स को अपने यूजर आईडी पासवर्ड का उपयोग करते हुए आनलाइन फीस जमा करना था और उसकी पावती संबंधित विभागाध्यक्ष को ई-मेल करना था। इसके बाद यूनिवर्सिटी द्वारा दूसरी मेरिट लिस्ट निकाली गई है, जिसके तहत मंगलवार 11 अगस्त से लेकर 13 अगस्त तक एडमिशन दिया गया।

21 अगस्त तक चला दस्तावेजों का सत्यापन

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेस टेस्ट के रिजल्ट घोषित होने के बाद सीयूईटी तहत यूजी पाठ्यक्रमों में सत्र 2026-27 में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसके अंतर्गत एडमिशन व काउंसिलिंग परामर्श के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से 10 जुलाई से आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ था 27 जुलाई तक चला। ऐसे स्टूडेंट्स जो बारहवीं क्लास उत्तीर्ण किए हैं और सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे, वे सीयूईटी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार काउंसिलिंग के माध्यम से एडमिशन के लिए अपना आनलाइन रजिस्ट्रेशन यूनिवर्सिटी के वेबसाइट समर्थ पोर्टल में कराएं हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद पहले और दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में जिन-जिन छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया है, उनके दस्तावेजों का सत्यापन 21 अगस्त तक चला।

सीयूईटी के अंकों आधार पर तीसरी लिस्ट

दो राउंड आनलाइन काउंसिलिंग बाद एडमिशन लेने वाले छात्र-छात्राओं को भौतिक रूप से उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन कराने समय दिया गया। इसके बाद 25 अगस्त को सीयूईटी के अंकों के आधार पर स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तीसरी बार मेरिट लिस्ट निकाली गई है। इस लिस्टम में जिनका नाम शामिल हैं, उन्हें 31 अगस्त के आफलाइन काउंसिलिंग में बुलाया गया है। मेरिट लिस्ट सीयूईटी यूजी 2026 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तय किया जाता है। हालांकि सीयूईटी अंकों में किसी भी तरह की बराबरी की स्थिति में बारहवीं क्लास के उच्च प्रतिशत और फिर दसवीं क्लास के उच्च प्रतिशत को मेरिट के लिए माना जाएगा। आगे बराबरी की स्थिति में उम्र में अधिक बड़े छात्रों को मेरिट में शामिल किया जाएगा।

रक्षाबंधन पर छग में लगभग 800 करोड़ का हुआ कारोबार : कैट

बिलासपुर। भारत केवल उत्सवों और त्योहारों का देश नहीं है, बल्कि एक ऐसी जीवंत सांस्कृतिक एवं आर्थिक व्यवस्था का केंद्र है, जहाँ प्रत्येक त्योहार सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा प्रदान करता है।

वर्ष भर मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार वास्तव में "सनातन अर्थव्यवस्था" के सशक्त स्वरूप का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो करोड़ों लोगों के लिए रोजगार, व्यापार एवं आजीविका के अवसर सृजित कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं। यह बात कैट के राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा और जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने कहा। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन परंपराओं से जुड़े त्योहार केवल धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे किसानों, कारीगरों, शिल्पकारों, लघु उद्योगों, महिला उद्यमियों, परिवहन क्षेत्र, सेवा क्षेत्र, थोक एवं खुदरा व्यापारियों सहित एक विशाल आर्थिक श्रृंखला को सक्रिय करते हैं। आशीष अग्रवाल ने कहा कि रक्षाबंधन भारत के सबसे महत्वपूर्ण और व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है, जो भाई-बहन के पवित्र संबंध, पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत का प्रतीक है।

कैट छत्तीसगढ़ के एक आंकलन के अनुसार इस वर्ष रक्षाबंधन पर छत्तीसगढ़ में लगभग 715 से 820 करोड़ की आर्थिक गतिविधियाँ हुईं। इसमें अनुमानित 575 से 650 करोड़ का राखी कारोबार शामिल है, जबकि लगभग 140 से 170 करोड़ की अतिरिक्त खरीदारी मिठाइयों, ड्राई फ्रूट्स, परिधानों, फैशन एक्सेसरीज़, एफएमसीजी गिफ्ट पैक्स, आभूषणों, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों तथा अन्य उपहार वस्तुओं पर हुई। संगठन महामंत्री परमजीत उबेजा ने कहा, रक्षाबंधन आस्था, स्नेह, सामाजिक समरसता और आर्थिक समृद्धि का अद्भुत संगम है।

पंचायतों में भी आनलाइन जमा होने लगे प्रापर्टी टैक्स

बिलासपुर। शहर की तरह ही अब ग्राम पंचायतों में भी आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा करने का सिस्टम लागू हो गया है। भारत सरकार के समर्थ पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आनलाइन टैक्स जमा किए जा सकते हैं।

- जिले में हैं 486 ग्राम पंचायत

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शहरों नगरीय निकायों की तरह ही ग्राम पंचायतों में आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा चालू हो गई है। ग्राम पंचायतों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा किया जा सकता है। ग्राम पंचायतों में प्रापर्टी टैक्स लेने का प्रावधान है। हालांकि शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में टैक्स वसूली को लेकर उतना सख्ती नहीं है और न ही नगरीय निकायों के तरह अधिक टैक्स लगता है। लेकिन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्राम पंचायतों में भी नगरीय निकायों की तरह आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। भारत सरकार के समर्थ पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा कर सकते हैं। इस तरह पंचायतों में पहली बार आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा होना शुरू हो गया है। हांलाकि आनलाइन टैक्स अभी बहुत ज्यादा नहीं आ रहा है।

टैक्स में फर्जीवाड़ा पर लगेगी रोक

शासन की डिजिटल इंडिया एवं ई-गवर्नेंस की सोच को सशक्त बनाने की दिशा में आनलाइन टैक्स सिस्टम एक कदम है। ऐसा माना जा रहा है कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रापर्टी टैक्स भुगतान की सुविधा शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिता बढ़ेगी और टैक्स वसूली की प्रक्रिया सरल, त्वरित व भरोसमंद होगी। वहीं सरपंच व सचिव टैक्स वसूली में फर्जीवाड़ा नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा लोगों को ग्राम पंचायत कार्यालय के चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा और वे अपने मोबाइल, कंप्यूटर एवं अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र या सीएससी के माध्यम से आसानी से आनलाइन टैक्स का भुगतान कर सकते हैं।

दी जा रही है सुविधा

पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायतों में भी लोगों को आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा दी जा रही है। पहले ग्रामीणों द्वारा मैनुअल टैक्स जमा किया जाता था और अब आनलाइन भी टैक्स जमा किया जा सकता है।

-शिवानी सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पंचायत विभाग

कोरोना का एक मरीज मिला, भेजा गया सैंपल

बिलासपुर। रेलवे क्षेत्र में कोरोना का मरीज पाजिटिव पाया गया है। मरीज दो दिन इलाज कराने के बाद अस्पताल से छुट्टी लेकर घर गया है, लेकिन इसकी भनक स्वास्थ्य विभाग को नहीं हो पाई है। ऐसे कोराना संदिग्ध एक मरीज को महादेव अस्पताल में भर्ती किया गया है, जिसका आरटीपीसीआर सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

23 अगस्त को रेलवे क्षेत्र के एक 35 वर्षीय युवक सर्दी खांसी होने पर वेयर हाउस रोड स्थित संजीवनी हास्पिटल में इलाज कराने पहुँचा। तेज सर्दी खांसी होने पर सैंपल जांच के लिए सिम्स के लैब भेजा गया था। रिपोर्ट में कोरोना पाजिटिव आने के बाद मरीज 25 अगस्त छुट्टी लेकर चला गया। गंभीर बात यह है कि इसकी जानकारी सीएमएचओ को नहीं है। जिसके कारण मरीज के परिजनों की जांच नहीं की गई और न ही क्षेत्र में सर्वे कराया गया है। 28 अगस्त शाम को सिम्स प्रबंधन को इसकी सूचना मिलने के बाद आर्थोपेडिक वार्ड के पीछे एक अलग से वार्ड है, उसमें 8 बेड वेंटीलेटर के साथ तैयार कर रखा गया है। लेकिन रात 10 बजे तक महादेव अस्पताल से मरीज सिम्स नहीं लाया गया था। इस मामले में महादेव अस्पताल के डा आशुतोष तिवारी का कहना है, एक मरीज संदिग्ध है, लेकिन रिपोर्ट नहीं है। वहीं सिम्स के डीन डाक्टर रमनेश मूर्ति का कहना है कोरोना के मरीज आने की सूचना मिलने पर एक वार्ड तैयार कर रखा गया है लेकिन मरीज नहीं आया है।

जांच रिपोर्ट नहीं आई है

एक मरीज महादेव में भर्ती है, लेकिन उसकी जांच रिपोर्ट नहीं आई है। रेलवे क्षेत्र के कोरोना के मरीज के बारे में जानकारी नहीं है।

- शुभा गरेवाल, सीएमएचओ

खेल संगठनों के संबल से निखर रहीं शहर की खेल प्रतिभाएं

डिजिटल युग में खेल की अपनी महत्वपूर्ण हैं भूमिका : अटल

अटल श्रीवास्तव

"29 अगस्त हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर कोटा विधायक और बैडमिंटन खिलाड़ी अटल श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं दी है। आज के डिजिटल युग में खेल की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका है, उसे पढ़ाई के साथ खेल को उचित स्थान मिलना चाहिए।"

बच्चों को खेल मैदान खेलने के लिए प्रेरित करना चाहिए। हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है, इंटरनेशनल टर्फ की हर जगह बनाने की आवश्यकता है। इससे खेल के साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी भी आगे आएंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बनने के बाद खेलों को बढ़ावा देने का कार्य भूपेश बघेल की सरकार ने प्रारम्भ किया, उसे जारी रखना चाहिए। पहले जहां खेल केवल शहर तक ही सीमित रहता था, अब छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत गांव में होने के कारण ग्रामीण अंचल के बच्चे से लेकर बुजुर्ग खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आने लगी। सभी वर्गों मे उत्साह व रूचि जागृत हुई है, जिसे निरंतर जारी रखा जाना चाहिए। भूपेश बघेल ने पारंपरिक खेलों के साथ अन्य खेलों को प्रोत्साहित कर युवाओं को खेल में अपना कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया है। एस्ट्रोटर्फ हाकी मैदान में खेलने और प्रशिक्षण से शहर के हाकी खिलाड़ियों को काफी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा बहतराई के स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में सांई एक्सिलेंसी शुरू हो चुकी है, जहां ट्रेनिंग के साथ खिलाड़ियों को रहने, खाने-पीने व अन्य सारी सुविधा दी जा रही है। यहां नेशनल, इंटरनेशनल स्तर के कोच खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में ग्राउंड की कमी थी। किसी भी खेल संघ या सरकारी खेल कराने के लिए स्कूल का ग्राउंड लेना पड़ रहा था। खिलाड़ियों के भोजन के अलावा आवास के लिए भटकते थे। कई बार स्कूलों में आवास व्यवस्था होने के बावजूद अचानक प्रबंधक मना कर देते थे। खेल प्राधिकरण के पास फायनेंशियल पावर होने से प्रतियोगिता कराने से पहले एडवांस के रूप में राशि देने के साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को सही समय पर भेजने का काम होगा। खेल प्राधिकरण की स्थापना सभी खेली संघ के अध्यक्ष और सेक्रेटरी के सहयोग से होगा, जिसमें प्राधिकरण की जिम्मेदारी पदाधिकारियों पर भी होगी। इसमें कम राशि के तहत लोकल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, स्वीमिंग व अन्य छोटे खेलों को कराकर अच्छे खिलाड़ी निकलेंगे।

क्रिकेट के साथ फेंसिंग में ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों को मिलेगा बढ़ावा : प्रिंस

"फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के चेयरमैन और फेंसिंग ओलंपिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला फेंसिंग अध्यक्ष प्रिंस भाटिया ने 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर मनाए जाने वाले खेल दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों एवं सभी खेल संघ को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।"

प्रिंस भाटिया

उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के द्वारा खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर खेल का प्रशिक्षण देने वाला फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, ताकि न केवल प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर शहर के खिलाड़ी अपना नाम रोशन कर सकें। यहां के कोच बच्चों को खेल की बारीकी से अवगत कराते हैं अब तक सैकड़ों बच्चों ने यहां प्रशिक्षण प्राप्त किया। खेल दिवस के अवसर पर फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए बताया कि खेल दिवस के अवसर पर अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष उन की स्मृति में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया जाता है। मेजर ध्यानचंद ने भारत का नाम दुनिया में ऊंचा किया। जिससे हमें गर्व महसूस होता है। हमारी कोशिश है कि क्रिकेट के साथ प्रदेश और जिला स्तर पर भी फेंसिंग में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य करें। इसमें ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ियों को भी ज्यादा से ज्यादा फायदा हो और वे राज्य के साथ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर शहर व प्रदेश का नाम रौशन कर सकें। श्री भाटिया ने कहा कि फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के खेल मैदान से निकले क्रिकेट खिलाड़ी आज राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी की जब शुरूआत हुई, उस समय 80 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे थे। वर्तमान में 300 से अधिक बच्चे खेल मैदान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें शहीद परिवार के बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पूर्व बीडीए अध्यक्ष स्व. शेख गफ्फार की स्मृति में फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष सामाजिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें जिले के 50 से अधिक समाज भागीदारी निभाते हैं। समय-समय पर अपने सामाजिक दायित्वों के तहत पौधरोपण एवं जरूरतमंदों की सेवा भी की जाती है। वर्तमान में अकादमी में 13 विकेट है, जिसमें 6 टर्फ और 6 सीमेंट विकेट और 1 एस्ट्रो टर्फ विकेट है। टर्फ विकेट में इंटरनेशनल मैच खेले जाते हैं। बल्लेबाजों के लिए बालिंग मशीन भी है। प्रशिक्षण देने के लिए 12 कोच हैं जो खेल के हुनर से खिलाड़ियों को अवगत कराते हैं। हाइड्रोलिक रोलर से खेल मैदान को संवारा जाता है। सेंट्रल इंडिया मध्यप्रदेश, झारखंड, ओडिसा, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी एक ऐसी संस्था है, जिसके पास फ्लड लाइट की सुविधा भी है। उनका उद्देश्य बिलासपुर शहर और फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी से प्रशिक्षित खिलाड़ी सामने लाना है जो टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करें व शहर एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने इस अवसर पर खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का संकल्प

जीटीबी कॉलेज और विजडम ट्री फाउंडेशन की खेल व सशक्तिकरण में ऐतिहासिक पहल : पलक

डा. पलक जायसवाल

डॉ. पलक जायसवाल ने 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस और खेल दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों व सभी खेल संघों को बधाई दी है। उनका कहना है कि जीटीबी कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल टेक्निकल एंड लीगल एजुकेशन सेंटर एवं विजडम ट्री फाउंडेशन की ओर से खेलों के सर्वांगीण विकास और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियानों को रेखांकित किया गया है। संस्था का मुख्य उद्देश्य खेल और आत्मरक्षा के माध्यम से युवाओं को मजबूत मंच प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि 98000 छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण: बेटियों की सुरक्षा और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए कराते एवं विशेष तकनीकों के जरिए सेल्फ डिफेंस का व्यापक प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मिसाल है। बेसबॉल के प्रभावी कोच अख्तर खान के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय कोचिंग और अभ्यास के बेहतरीन अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे राज्य में बेसबॉल की प्रतिभाएं तेजी से उभर रही हैं। जीटीबी कॉलेज के खेल प्रभारी श्री जीतेंद्र सिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व में संस्थान में विभिन्न खेल विधाओं कराते, बेसबॉल, रग्बी आदि के विकास के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा है। पूर्व में आयोजित विजडम कप 2026 जैसी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के जरिए भी युवा खिलाड़ियों को अपनी खेल क्षमता साबित करने का अवसर मिला है। डॉ. पलक जायसवाल ने कहा कि खेल और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण बेटियों को केवल शारीरिक रूप से मजबूत नहीं बनाता, बल्कि उनमें जीवन की हर चुनौती का डटकर सामना करने का अटूट आत्मविश्वास भरता है। हमारा उद्देश्य हर बेटी को सशक्त, अनुशासित और आत्मनिर्भर बनाना है। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जीटीबी कॉलेज और विजडम ट्री फाउंडेशन ने युवा खेल प्रतिभाओं को तराशने तथा आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान को और अधिक विस्तार देने का संकल्प दोहराया।

मेजर ध्यानचंद जन्मदिवस विशेष

प्रतिवर्ष 29 अगस्त को देश अपना राष्ट्रीय खेल दिवस मनाता है। यह देश के सबसे प्रतिष्ठित एथलीटों में से एक मेजर ध्यानचंद की विरासत का सम्मान करने का दिन है। हॉकी के जादूगर के रूप में माने जाने वाले ध्यानचंद के खेल में योगदान ने भारतीय खेल इतिहास में एक अमित छाप छोड़ी है, जिसमें यह दिन न केवल उनकी जयंती का स्मरणोत्सव है बल्कि भारत को परिभाषित करने वाली खेल भावना का उत्सव है। देश में 2012 में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने घोषणा की, ताकि खेल उत्कृष्टता को मान्यता दी जा सके। मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देने के लिए इस तिथि का चयन किया गया था। मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में हुआ था। बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने के बाद ध्यानचंद 1922 में एक सिपाही के रूप में भारतीय सेना में भर्ती हो गए। मेजर ध्यानचंद एक सच्चे खिलाड़ी थे और उन्हें सूबेदार मेजर तिवारी जो स्वयं एक खेल प्रेमी थे, उन्होंने हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया था। ध्यानचंद ने उन्हीं की देखरेख में हॉकी खेलना शुरु किया। उनका करियर 1926 से 1948 तक चला, तब उन्होंने देश के लिए 185 मैच खेले और 400 से अधिक गोल किए। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने भारतीय हॉकी के लिए स्वर्णिम काल आया, क्योंकि उन्होंने भारत को 1928, 1932 और 1936 में तीन स्वर्ण पदक दिलाए। हॉकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण ध्यानचंद को 1927 में लांस नायक नियुक्त किया गया और 1932 में उन्हें नायक और 1936 में सूबेदार के पद पर पदोन्नत किया गया। उसकी वर्ष उन्होंने भारतीय हॉकी टीम की कप्तानी की। वे लेफ्टिनेंट और कैप्टन बने और अंततः मेजर के पद पर पदोन्नत हुए। मेजर ध्यानचंद को सम्मान में भारत सरकार ने 2021 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया, जिसे भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस का मुख्य उद्देश्य खेलों के महत्व और दैनिक जीवन में शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भारत सरकार भी राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम, आयोजन, सेमिनार आदि आयोजित करती है। इस दिवस का उद्देश्य खेलों के मूल्यों, अनुशासन, दृढ़ता, खेल भावना और टीम वर्क के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आम जनता को खेलों को अपनाने व इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

एनईआई की नई कार्यकारिणी का लक्ष्य खिलाड़ियों को सुविधा देना-नवीन

Vice President Amarnath Singh | Secretary C.Naveen Kumar | Jt. Secretary Sanjay Kumar Tiwari | Treasurer B.Anil Kumar | Asst. Treasurer Srikant Padhi | Tournament Secretary Deepak Ku. Subba

Jt. Tournament Secretary Deepak Raja Gurung | Media Incharge Hemant Singh | Indoor Incharge D.Murlidhar | Outdoor Incharge T.Sammukh Rao | Library Incharge Sriram Yadav

रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के सचिव सी नवीन कुमार सहित उपाध्यक्ष अमरनाथ सिंह, सहसचिव संजय कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष बी अनिल कुमार, उपकोषाध्यक्ष श्रीकांत पाढ़ी, टूर्नामेंट सेक्रेट्री दीपक कुमार सुब्बा, ज्वाइंट टूर्नामेंट सेक्रेट्री दीपक राजा गुरुंग, मीडिया प्रभारी हेमंत सिंह परिहार, इंडोर इंचार्ज डी मुरलीधर, आउटडोर इंचार्ज टी सम्मुख राव, लायब्रेरी इंचार्ज श्रीराम यादव ने 29 अगस्त को हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस और खेल दिवस की खिलाड़ियों व सभी खेल संघों को बधाई दी है। सचिव सी नवीन कुमार ने बताया कि वर्तमान में नई कार्यकारिणी में सारे खिलाड़ी और नेशनल व इंटरनेशनल स्तर के कोच हैं, जिन्होंने हमेशा ही खिलाड़ियों और खेल को बढ़ावा दिया है। नई कार्यकारिणी का मुख्य लक्ष्य है के खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा दी जाए, ताकि खिलाड़ी देश के साथ विदेश में भी नाम रौशन कर सकें। इसके लिए एनईआई के सारे पदाधिकारी लगातार कार्य कर रहे हैं, जिसमें रेल अफसरों का भी पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे एक ऐसी संस्था हैं, जहां सभी खेल के खिलाड़ियों को नौकरी का अवसर प्रदान किया जाता है। नौकरी में रखने से पूर्व किए जाने वाले ट्रायल में बोर्ड स्तर पर चयनकर्ता रखे जाते हैं, ताकि किसी भी प्रकार की धांधली न हो सके। एसईसीआर जोन मुख्यालय सहित बिलासपुर, रायपुर और नागपुर डिवीजन में हजारों की संख्या में खिलाड़ी सभी विभागों में कार्यरत हैं। इन खिलाड़ियों को काम के साथ खेल का भी पूरा मौका रेलवे प्रदान करती है, ताकि आल इंडिया इंटर रेलवे की प्रतियोगिता सहित ओलंपिक व कामनवेल्थ गेम्स में खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त कर सकें। बिलासपुर रेलवे क्षेत्र में बाक्सिंग के लिए अलग मैदान, क्रिकेट के लिए सेकेरसा स्टेडियम, बास्केटबाल, हैंडबाल, कबड्डी, खो-खो, तैराकी, स्केटिंग, कैरम, जिम, बाडी बिल्डिंग, फुटबाल, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, बैडमिंटन व अन्य सारे गेम्स के लिए रेलवे एनईआई के ग्राउंड बने हुए हैं, जिसके मेंटनेंस में लाखों रुपए खर्च किया जाता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर, नागपुर में रेलवे ने खिलाड़ियों के लिए ग्राउण्ड की सुविधा दे रखी है। रेलवे के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया है। रेलवे में खिलाड़ियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए एक अलग खेल का विभाग बना हुआ है। इस विभाग में विशेष तौर पर खेल अधिकारी की नियुक्ति की जाती है।

प्रतिवर्ष कराया जाता है लिटिल बास्केटबाल टूर्नामेंट: जिला बास्केटबाल संघ

संतोष बाजपेयी | सुधीर राजपाल | आनंद सिंह | अमित मंडल

जिला बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष डा.संतोष बाजपेयी, सचिव और एनआईएस कोच डा.सुधीर राजपाल, बास्केटबाल संघ के उपाध्यक्ष आनंद सिंह और वरिष्ठ सदस्य अमित मंडल ने 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस व खेल दिवस की बधाई दी है।

उनका कहना है कि क्रिकेट के लिए राजा रघुराज सिंह स्टेडियम का ग्राउंड, हॉकी के लिए बहतराई के राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में एस्ट्रोटर्फ मैदान, आउटडोर एथलेटिक्स मैदान के अलावा इंडोर मैदान बनाया गया है। सालों से छत्तीसगढ़ स्कूल के मैदान और देवकीनंदन कन्या शाला के ग्राउंड में बास्केटबाल का कोर्ट बनाकर टूर्नामेंट व खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। देवकीनंदन स्कूल के बास्केटबाल के खिलाड़ियों ने स्वयं मेहनत कर तैयार किया है। यहां खेल विभाग के सहयोग से निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों ने स्टेट और नेशनल टूर्नामेंट में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रौशन किया है। दूसरे खेलों के साथ बास्केटबाल के मैदान बहतराई राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में बने तो खिलाड़ियों को खेल के साथ आवास की भी सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि बास्केटबाल खेलने वाले खिलाड़ियों की शहर में कमी नहीं है। खेल परिसर में कृत्रिम लाइट युक्त मैदान, चेंजिंग रूम के साथ दो बास्केटबॉल मैदान का प्रस्ताव था, जो विगत कई वर्षो से लंबित है। स्कूल व कालेज के बालक-बालिका खिलाड़ियों का राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन भी शानदार रहा है। पिछले वर्ष जिला बास्केटबाल संघ को अंडर 14 वर्ष बालक वर्ग की नेशनल टीम का समर कैंप आयोजित करने का दायित्व दिया गया था, जिसके उपरांत कैंप समाप्ति के उपरांत बास्केटबाल लिटिल लीग का आयोजन सफलतापूर्वक कराया गया था।

तैराकी के विकास के लिए प्रदेश में स्वीमिंग पूल के साथ प्रशिक्षक जरुरी : हेमंत



हेमंत सिंह परिहार

प्रदेश तैराकी संघ के सहसचिव हेमंत सिंह परिहार ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में तैराकी के विकास के लिए पर्याप्त मात्रा में स्विमिंग पूल और प्रशिक्षक का होना जरूरी है। तैराकी एक कला है इसे सबको सीखना चाहिए स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ जीवन को सुरक्षा प्रदान करती है।

महिलाओं को तैराकी में आगे बढ़ाने के लिए विशेष रूप से सुरक्षित आवास सुविधा और प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ शासन को सुनिश्चित करना चाहिए कि तैराकी हर क्षेत्र में अनिवार्य हो सके। सह सचिव हेमंत सिंह परिहार का मानना है कि छत्तीसगढ़ में तैराकी के विकास के लिए मानक स्विमिंग पूल के साथ-साथ खिलाड़ियों का प्रशिक्षण, सुरक्षा वैज्ञानिक प्रशिक्षण और नियमित प्रतियोगिताएं सभी जरूरी है। जिला और संभाग स्तर पर स्विमिंग पूल की व्यवस्था और बच्चों और शुरुआती खिलाड़ियों के लिए अलग प्रशिक्षण सुविधा होना चाहिए। इसके लिए प्रशिक्षित कोच की नियुक्ति होनी चाहिए अलग-अलग आयु वर्ग के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाना चाहिए। स्कूलों में तैराकी के कम उम्र में प्रतिभावान बच्चों की पहचान करनी चाहिए। ग्रामीण एवं छोटे शहर के खिलाड़ियों को भी अवसर प्रदान करना चाहिए प्रशिक्षण के साथ-साथ सुरक्षा को भी महत्वपूर्ण जगह, हर प्रशिक्षण शिविर में सर्टिफाइड लाइक गार्डन फर्स्ट एड और इमरजेंसी रिस्पांस की व्यवस्था, खिलाड़ियों का परफॉर्मेंस डाटा रिकॉर्ड करना चाहिए ट्रेनिंग उपकरण की सुविधा होनी चाहिए। ब्लॉक, जिला, संभाग, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता नियमित होते रहना चाहिए, जिससे प्रतिभाएं सामने आती है। कोशिश रहे कि प्रतियोगिता में अधिक से अधिक खिलाड़ी भाग ले इसमें महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवास एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था हो। स्कूल और कॉलेज स्तर पर विशेष अभियान महिलाओं के लिए चलाकर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रशासन के द्वारा अधिक से अधिक सहायता मिलना चाहिए। प्रत्येक जिला या संभाग में एक हाई परफार्मेंस स्विमिंग केंद्र विकसित किया जाए। इसमें राज्य स्तर पर कि खिलाड़ियों के लिए आवास एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था हो। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वाराआर्थिक सहयोग एवं नौकरी देने की व्यवस्था अनिवार्य और तत्काल होनी चाहिए। तैराकी एक कला है, इसको सभी को सीखना चाहिए। यह मनोरंजन के साथ साथ स्वास्थ्य लाभ और अपने जीवन को सुरक्षा प्रदान करती है। प्रत्येक गांव में तैराकी प्रशिक्षण का विशेष अभियान चलाना और गांव के तालाबों को तैराकी योग्य एवं प्लेटफार्म बनाना चाहिए, जिससे गांव के छोटे बच्चे बालक बालिका जंप लेकर तैरना शुरू कर सके। इनको अभ्यास के लिए उपकरण एवं स्विमिंग कॉस्ट्यूम उपलब्ध कराना चाहिए। तैराकी में चार स्ट्रोक होते हैं, फ्रीस्टाइल, बैक स्ट्रोक, बटरफ्लाई और ब्रेस्ट स्ट्रोक शमिल हैं। इनके बारे में जानकारी देने के साथ ही साथ ही एज ग्रुप इवेंट, वाटरपोलो एवं डाइविंग के बारे में भी ग्रामीण क्षेत्र में जानकारी देने के साथ तैराकी विकास प्राधिकरण का गठन होना चाहिए।

प्रदेश और जिले के खिलाड़ी हर वर्ग में कर रहे शानदार खेल का प्रदर्शन-स्टेट क्रिकेट संघ

बलदेव सिंह भाटिया | विजय शाह | विंटेश अग्रवाल (बंटी) | मुकुल तिवारी | नवीन जाजोदिया | देवेन्द्र सिंह

खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश क्रिकेट संघ के साथ क्रिकेट संघ की ओर से खिलाड़ियों और खेल संघ को बधाई व शुभकामनाएं दी गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट संघ के डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया और विजय शाह के अथक प्रयास से छत्तीसगढ़ की टीम राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रही है।

CSCS

छत्तीसगढ़ की सीनियर महिला टीम ने पहली बार बीसीसीआई की ओर से आयोजित सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर 23 सीके नायडू ट्राफी प्रदेश की टीम पहली बार प्रदेश की टीम सेमीफाइनल पहुंची। अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्राफी में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची। छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रबतेज सिंह भाटिया बीसीसीआई के ज्वाइंट सेक्रेट्री बने हैं, जो प्रदेश के लिए गौरव की बात है। छत्तीसगढ़ प्रदेश क्रिकेट संघ के सचिव विन्टेश उर्फ बंटी अग्रवाल, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव मुकुल तिवारी का कहना है कि प्रदेश में क्रिकेट का वर्चस्व लगातार बढ़ते जा रहा है, इससे शहर के खिलाड़ियों को भी मौका मिल रहा है। पुरुष वर्ग के साथ महिला वर्ग की टीम भी राष्ट्रीय स्तर पर शानदार खेल का प्रदर्शन कर रही है। क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया और सचिव देवेन्द्र सिंह उर्फ बाटू का कहना है कि प्रदेश की टीम जिले के खिलाड़ियों को लगातार मौका मिल रहा है, जो शानदार खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। वर्ष 2022-23 में बिलासपुर की टीम पहली बार आयोजित हुई अंडर 23 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता में विनर रही। वर्ष 2025-26 में क्रिकेट संघ बिलासपुर की टीम अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट में विजेता रही। इस साल भी सीसीपीएल सीजन थ्री में बिलासपुर बूल्स की टीम पहली बार विजेता बनी। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में क्रिकेट के लिए एकमात्र राजा रघुराज सिंह स्टेडियम है, जिसमें टर्फ विकेट पर बच्चे भी खेल रहे हैं। रायपुर की तरह अगर बिलासपुर में भी एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट मैदान हो जाए, बिलासपुर सहित आसपास के खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा।

लगातार निखर रहीं है एथलेटिक्स में खिलाड़ियों की प्रतिभा : अमरनाथ सिंह

अमरनाथ सिंह

एथलेटिक्स का खेल शरीर और मन के लिए काफी जरूरी है। प्रदेश एवं शहर में एथलेटिक्स के खिलाड़ियों की प्रतिभाएं लगातार प्रगति करते जा रही हैं।

इसका नतीजा है कि बिलासपुर के बहतराई राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में पहली बार राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2022 का भी आयोजन किया गया था, जिसमें देश भर से हजारों की संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। उक्त बातें प्रदेश एथलेटिक्स संघ के महासचिव, रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के उपाध्यक्ष और रेलवे मंडल खेल संघ के प्रदेश सचिव अमरनाथ सिंह ने 29 अगस्त को मेयर ध्यानचंद के जन्मदिन और खेल दिवस के अवसर पर बधाई देते हुए कही। श्री सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष खेल दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों और खेल संघ के पदाधिकारियों को सम्मान होता है, लेकिन विकास पर कोई खास ध्यान नहीं होता। इसके कारण देश के बाहर खेलने के लिए जाने वाले खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बावजूद अधिक पदक प्राप्त नहीं कर पाते। वर्तमान परिस्थिति में एथलेटिक्स में ज्यादा से ज्यादा महिला और पुरूष खिलाड़ी आने लगे है। एथलेटिक्स ऐसा खेल है, जिसमें देश के किसी खिलाड़ी ने आजादी के बाद टोक्यो ओलंपिक में पहला गोल्ड मैडल प्राप्त किया एवं विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा ने पहला गोल्ड मैडल प्राप्त किया। देश में खिलाड़ियों की कमी नहीं है। हर व्यक्ति आगे आना चाहता है, लेकिन सुविधा के अभाव के कारण कई अच्छे खिलाड़ियों को मौका नहीं मिल पाता। अमरनाथ सिंह ने कहा कि एथलेटिक्स सभी खेलों का मूल होने के कारण कई खेल एथलेटिक्स के भाग की तरह होते हैं, जिसमें फिटनेस पर खिलाड़ी के प्रदर्शन पर बेहतर प्रभाव पड़ता है।

प्रस्तुति : मनीष वर्मा

खबर संक्षेप

मुंगेली। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने अपनी बहन सहित बड़ी संख्या में बहनों से राखी बंधवाकर बहनों को उपहार दिए एवं बहनों के साथ हर सुख–दुख में खड़े रहने का संकल्प लिया और सभी लोगों को रक्षाबंधन की बधाई दी।

भाजपा नेत्री सोनाली ने भाइयों को बांधी राखी

तखतपुर। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जिला भाजपा महिला मोर्चा बिलासपुर की कार्यकारिणी सदस्य सोनाली राजपूत ने अपने भाइयों राजीव एवं नैतिक राजपूत की कलाई पर राखी बांधकर भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास के पवित्र रिश्ते को स्नेहपूर्वक मनाया। वहीं भाइयों ने भी बहन की रक्षा, सम्मान एवं हर परिस्थिति में साथ निभाने का संकल्प लिया। सोनाली राजपूत ने कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और पारिवारिक संस्कारों का प्रतीक पर्व है। यह पर्व रिश्तों में स्नेह और अपनत्व को और अधिक मजबूत करता है। इस अवसर पर परिवार में हर्ष एवं उल्लास का वातावरण रहा।

रक्षाबंधन पर संगवाकापा में किया गया पौधरोपण

मुंगेली। रक्षाबंधन त्यौहार के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत संगवाकापा में पीपल, बरगद, करंज, गुलमोहर, आम, सीताफल, कनेर के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य निरंजन साहू, उपसरपंच हेमचंद साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजेश साहू, पंच जितेंद साहू, ज्ञानचंद साहू, जुगनू ध्रुव, संदीप सिाहू, संजय साहू, दिनेश साहू, अजय साहू, जितेंद साहू, भोला साहू, खेमचंद साहू, देवसिंग साहू, परमात्मा साहू, आत्मा साहू, घनश्याम देवांगन, राजकुमार साहू, अमरनाथ साहू, नारायण साहू, सुनील साहू उपस्थित थे।

बहनों ने भाइयों की कलाई पर सजाया रक्षासूत्र

मुंगेली। क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व शुक्रवार को उत्साह से मनाया गया। बहनें सजधज कर अपने भाईयों को अक्षत कुमकुम का तिलक लगाकर प्रेम के साथ कलाई में रक्षासूत्र बांधी। भाई बहनों के पवित्र प्रेम का त्यौहार श्रावणी पूर्णिमा को मनाया जाने वाला रक्षाबंधन पर्व 28 अगस्त शुक्रवार को उत्साह पूर्वक मनाया गया। पौराणिक कथाओं के अनुसार मां लक्ष्मी राजा बलि को भाई मानकर राखी बांधी थी। त्यौहार की पूर्व संध्या पर दिन भर बाजार में राखी एवं मिष्ठान खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। वही त्यौहार के दिन शुक्रवार बाजार का दिन होने के बाद भी सड़के सूनी नजर आई।

भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन पर दिखा उत्साह

बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शुक्रवार को नगर सहित पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल रहा।

घरों में बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और उनकी कलाई पर राखी बांधी। रक्षाबंधन को लेकर सुबह से ही लोगों की दिनचर्या में पर्व की रौनक दिखाई देने लगी थी। बहनों ने नए परिधान पहनकर पूजा की थाली सजाई, जिसमें रोली, अक्षत, दीपक, मिठाई और राखियां रखकर भाइयों की आरती उतारी। इसके बाद भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार एवं मिठाई भेंट करते हुए उनकी रक्षा और हर सुख-दुख में साथ देने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन पर्व को लेकर पिछले कई दिनों से नगर के बाजार में रौनक बनी हुई थी। शुक्रवार को भी सुबह से ही राखी, मिठाई, पूजा सामग्री और उपहार की दुकानों पर लोगों की आवाजाही रही। विभिन्न रंगों और डिजाइनों की राखियां बहनों को आकर्षित करती रहीं। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर और आकर्षक डिजाइन वाली राखियां भी बाजार में उपलब्ध रहीं। रक्षाबंधन पर्व पर अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए कई बहनें दूर-दराज के क्षेत्रों से अपने मायके पहुंचीं। वहीं रोजगार एवं अन्य कारणों से बाहर रहने वाले भाई भी अपनी बहनों के साथ पर्व मनाने के लिए घर पहुंचे। लंबे समय बाद भाई-बहन के मिलने से परिवारों में खुशी का माहौल रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्षाबंधन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाया। घर-घर में पूजा-अर्चना और राखी बांधने का सिलसिला चलता रहा। सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों ने अपने भाई-बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। रक्षाबंधन पर्व ने एक बार फिर भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया। नगर सहित पूरे क्षेत्र में दिनभर पर्व की खुशियां और उत्साह देखने को मिला।

बेलपान में तोखन और धर्मजीत ने बंधवाई राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थल मां नर्मदा के पवित्र धाम बेलपान में आत्मीयता और भाई-बहन के स्नेह का भावपूर्ण दृश्य देखने को मिला। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू एवं तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने क्षेत्र की आदिवासी बहनों से राखी बंधवाई और उन्हें उपहार भेंट कर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र की बहनें एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि बहनों का स्नेह और आशीर्वाद जीवन की अमूल्य धरोहर है। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि समाज में आपसी प्रेम, सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की माताओं और बहनों की सुविधाओं तथा उनके आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आने वाले समय में भी क्षेत्र की महिलाओं की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए बेहतर कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना सहित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और जिम्मेदारी का पर्व है। बेलपान की आदिवासी बहनों से राखी बंधवाना मेरे लिए भावुक और गौरव का क्षण है। बहनों का स्नेह और आशीर्वाद हमेशा प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की माताओं, बहनों और बेटियों की समस्याओं को दूर करना तथा उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल सहित मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले, इसके लिए भी प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, संतोष कौशिक, अम्बिका साहू, वंदना सिंह ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, कृष्ण कुमार साहू, राजू सिंह, गरीबा यादव, श्याम सिंह ध्रुव सहित अन्य उपस्थित रहे।

राखी बांधकर सीपत पुलिस ने निभाया सुरक्षा का फर्ज

सीपत। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा के प्रतीक रक्षा सूत्र को सीपत पुलिस ने सामाजिक जागरूकता से जोड़ते हुए अनूठी पहल की। थाना सीपत पुलिस ने शुक्रवार को नवाडीह चौक पर राहगीरों को रक्षा सूत्र बांधकर सड़क सुरक्षा और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने तथा अपने प्रियजनों को भी हेलमेट के प्रति जागरूक करने की समझाइश दी। रक्षाबंधन के अवसर पर नवाडीह चौक में पुलिस ने राहगीरों और वाहन चालकों को रोककर उन्हें सुरक्षित यातायात के महत्व की जानकारी दी। पुलिसकर्मियों ने कहा कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में जीवन की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। दोपहिया वाहन चलाते समय स्वयं हेलमेट पहनने के साथ परिवार के सदस्यों और प्रियजनों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। पुलिस द्वारा राहगीरों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधते हुए रक्षाबंधन पर्व को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ा गया। थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि एक-दूसरे की सुरक्षा और जिम्मेदारी का संकल्प लेने का अवसर भी है। पुलिस का प्रयास है कि त्योहारों के माध्यम से लोगों को सामाजिक एवं व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए।

बहनों ने भाई-भतीजों की कलाई पर बांधा प्यार का रक्षासूत्र

सीपत। भाई-बहन के पवित्र प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को सीपत क्षेत्र में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही क्षेत्र के बाजारों में रक्षाबंधन की रौनक देखने को मिली। बहनों ने अपने भाइयों और बुआओं ने भतीजों की कलाई पर राखी बांधकर प्रेम, स्नेह और विश्वास का रिश्ता मजबूत किया। रक्षाबंधन को लेकर थाना चौक, नवाडीह चौक और सीपत बस स्टैंड सहित प्रमुख बाजारों में दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही। राखी की दुकानों पर बहनों की भीड़ उमड़ी रही। रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों से सजी दुकानों पर बच्चों से लेकर महिलाओं तक अपनी पसंद की राखियां खरीदते नजर आए। वहीं मिठाई दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़ रही। लोगों ने राखी के साथ मिठाइयों की जमकर खरीदारी की। सुबह से ही बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए उत्साह के साथ घरों से निकलती रहीं। कई बहनें दूर-दराज से अपने मायके पहुंचीं तो कई भाई भी बहनों से राखी बंधवाने के लिए उनके घर पहुंचे। घर घर में पूजा अर्चना के बाद बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी खुशियों का ध्यान रखने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन के चलते सीपत के बाजारों में पूरे दिन त्योहार जैसा माहौल रहा। राखी, मिठाई और उपहार की दुकानों पर विशेष रौनक देखने को मिली। बाजारों में बढ़ी भीड़ से व्यापारियों के चेहरे पर भी खुशी नजर आई। भाई बहन के रिश्ते की मिठास और पारिवारिक स्नेह से सराबोर रक्षाबंधन का पर्व सीपत क्षेत्र में पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

रक्षाबंधन पर जुटा संयुक्त परिवार

मल्हार। सावन मास के अंतिम दिन शुक्ल पक्ष के पूर्णिमा तिथि को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन त्यौहार नगर में प्रेम पूर्वक मनाया गया। प्रातः काल से ही बहन सज धज के तैयार होकर अपने भाइयों को मुंह मीठा कर के उनके कलाई में रक्षाबंधन के प्रतीक रक्षासूत्र धागा बांधा गया।

नगर के पातालेश्वर महादेव मंदिर, मां डिंडेश्वरी देवी मंदिर, भीमकीचक, राधाकृष्ण, रामजानकी, परगनिया बाबा मंदिरों में दर्शनार्थियों की संख्या अत्यधिक थी। सभी पूजा की थाली में रक्षा सूत्र लेकर पूजा करते नजर आए। भाई बहन के सबसे पवित्र त्योहार रक्षाबंधन पर इस बार भी मल्हार के कैवर्त समाज के सबसे बड़े परिवार स्व. लैनुराम कैवर्त के परिवार में देखने को मिली जहां एक ही परिवार के 60 से ज्यादा लोग एक साथ इस पवित्र दिन पर मिले, इनके घर मे आज भी 12 भाई बहनों का परिवार एक साथ रहते है और ऐसे पवित्र त्योहारों पर मिलकर खुशियां मनाते है, परिवार के प्रत्येक लोगो का मानना है कि ऐसे त्योहार से एक दूसरे में अपनापन बढ़ता है इसलिए सभी उत्साह उंमग के साथ हर एक त्योहार को सेलिब्रेट करते है।

अनमोल होता है भाई बहन का रिश्ता

लोरमी।। भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षा बंधन क्षेत्र में बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया। बहनों ने सुबह से लेकर शाम तक शुभ मुहूर्त में अपने अपने भाइयों के कलाईयों में प्रेम का धागा राखी बांध कर र क्षा बंधन का पर्व मनाए । राखी का यह धागा भाई और बहन को आपस में जोड़े रखता है। आज सुबह से ही बहनों में बड़ा उत्साह देखा गया । बहने सुबह से ही शुभ मुहूर्त का इंतजार करती रहीं। भाइयों ने बहनों को भाईयों को उपहार भेंट कर सुरक्षा का संकल्प ली। भाई बहन का रिश्ता अनमोल होता है। रक्षा बंधन का पर्व भाई बहन इसी उद्देश्य से मनाते हैं कि उनका रिश्ता मधुर रहे। मजबूत बने।वे एक दूसरे के लिए सबसे न्यारे और प्यारे बनें।

खपरीकलां, लगरा, कापादह और आसपास के गांवों में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन

लोरमी। खपरीकला और आसपास के ग्रामीण अंचलों में रक्षाबंधन का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की, वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उपहार भेंट किए।

त्योहार को लेकर पिछले कुछ दिनों से गांव में खासी चहल-पहल देखी जा रही थी। पर्व के अवसर पर महेंद्र केसरवानी, जवाहर लाल साहू और रामा साहू की राखी दुकानों में सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने जमकर राखियों और मिठाइयों की खरीदारी की, जिससे व्यापार में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। खरीदारी के साथ-साथ खान-पान के केंद्रों पर भी लोगों का तांता लगा रहा। गांव के प्रसिद्ध सोनी होटल, गुप्ता होटल, कुंभकार होटल और फल दुकानों में दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही और व्यापार में काफी रौनक नजर आई।

राखी पर्व पर बाजार में रही भीड़, बसें फुल

मुंगेली। भाई बहनों के स्नेह के प्रतीक का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को मनाया गया। रक्षाबंधन पर्व पर बाजार में जोरों की चहल–पहल रही। चौक–चौराहों एवं मेन रोड में राखी की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ रही। होटलों में विभिन्न प्रकार की मिठाइयों की बिक्री होते रही। कपड़ा दुकान में भी भीड़ रही। राखी मनाने के लिए बसों में बहना एवं भाईयों का आना–जाना लगा रहा। बसों में भीड़ रही। बाजारों में दिन भर खरीदारों की भीड़ लगी रही। बहनों को उपहार देने के लिए भाई भी गिफ्ट की खरीदारी करते रहे। बसों में यात्रियों की भीड़ रही। राखी मनाने के लिए भाई–बहन के घर एवं बहना अपने भाई के घर आना–जाना करते है। त्यौहार के लिए मिष्ठान भण्डार वाले विशेष तैयारी कर भाईयों के लिए तरह–तरह की मिठाईयां तथा नमकीन तैयार कर रहे है। रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखकर होटल एवं रेडीमेंड गारमेंट्स गिफ्ट आईटम की दुकानों में विशेष तैयारियां की गई थी।

इकलौते भाई को राखी बांधने दूरदराज से पहुंची बहनें

जरहागांव। भाई-बहन का रिश्ता केवल खून का रिश्ता नहीं होता, यह स्नेह, विश्वास, त्याग और जीवनभर साथ निभाने का वह भावनात्मक बंधन है, जिसकी मिठास समय के साथ और गहरी होती जाती है। इसी अटूट रिश्ते को सच्चे अर्थों में निभाते हुए ठकुरीकापा गांव के खुमेश कुमार जायसवाल ने अपनी आठ बहनों के लिए ऐसा अनमोल उपहार दिया, जिसने भाई-बहन के प्रेम की एक नई मिसाल कायम कर दी।

आठ बहनों के इकलौते भाई खुमेश कुमार जायसवाल ने रक्षाबंधन के अवसर पर अपनी बहनों को केवल कोई भौतिक उपहार नहीं दिया, बल्कि उन्हें आजीवन प्रेम, सम्मान और भाईचारे के बंधन को अक्षुण्ण रखने का संकल्प दिया। उनका यह भाव पूरे गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। बहनों के प्रति उनके स्नेह और जिम्मेदारी ने यह संदेश दिया कि भाई-बहन का रिश्ता किसी एक पर्व या एक दिन तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह जीवन के हर पड़ाव पर एक-दूसरे का संबल बनने का नाम है।

आम सूचना

(सर्वसाधारण की जानकारी हेतु)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्रेता (1) श्री प्रमोद कुमार काठले (उम्र 37 वर्ष) एवं (2) श्री हितेश काठले (उम्र 35 वर्ष), दोनों पिता– श्री निर्मल काठले, जाति– सतनामी, निवासी वार्ड नं. 16, विष्णुनगर, जयस्तंभ के पास, कुदुदण्ड, बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा:

भूमिस्वामी श्री विशाल चन्द्र केशरी (उम्र 43 वर्ष, पिता– श्री कपूरचंद केशरी, जाति– खटिक, निवासी पुरानी बस्ती, लिंगियाडीह, बिलासपुर) के पंजीकृत मुख्त्यार आम श्री प्रदीप कुमार कश्यप (उम्र 38 वर्ष, पिता– श्री रामजी कश्यप, जाति– कांछी, निवासी वार्ड नं. 08, पुराना पम्प हाउस, देवरीखुर्द, बिलासपुर) से निम्न वर्णित परिवर्तित भूमि क्रय (खरीदने) का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है:
मौजा / स्थान: कुदुदण्ड, रा.नि.मं. बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.), प.ह.नं. / खसरा नं.: प.ह.नं. 34, खसरा नं. 120/23, कुल क्षेत्रफल / मद: 992 वर्गफुट (भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि)

आपत्ति आमंत्रण: अत: उक्त भूमि/संपत्ति पर यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक अथवा फर्म का किसी भी प्रकार का कोई हक, स्वत्व, भार, ऋण, दावा या आपत्ति हो, तो वे इस सूचना प्रकाशन तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर अपने मूल व वैध दस्तावेजी प्रमाणों सहित संपर्क कर आपत्ति दर्ज कराएं। निश्चित समयावधि समाप्त होने के पश्चात प्रस्तुत कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा नियमानुसार रजिस्ट्री (बैनामा) की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी।
दिनांक:
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)

सूचनाकर्ता / क्रेतागण:
1. प्रमोद कुमार काठले
2. हितेश काठले
वार्ड नं. 16, विष्णुनगर, कुदुदण्ड, बिलासपुर (छ.ग.) मो. नं.: 7000771779

‘एक शाम मुकेश के नाम’ में गूंजे सदाबहार नगमे, पिता-पुत्री की जोड़ी रही आकर्षण का केंद्र

गायक मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर दी गई स्वरांजलि

पेंड्रा। जिला संगीत एवं कला संरक्षण मंच, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के तत्वावधान में महान पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेश चंद्र माथुर की 50वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ‘एक शाम मुकेश के नाम’ संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रेस क्लब भवन के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिभावान गायक एवं गायिकाओं ने स्वर्गीय मुकेश के एकल एवं युगल गीतों की प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय मुकेश के सदाबहार गीतों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और कार्यक्रम का उत्साह बढ़ाया।

गणमान्य नागरिक रहे मौजूद

कार्यक्रम में पेंड्रा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राकेश जालान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रितेश फरमानिया, छत्तीसगढ़ प्रदेश युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विवेक जायसवाल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष अखिलेश नामदेव, सचिव शरद अग्रवाल, अग्रवाल समाज जिलाध्यक्ष सीताराम महलवाला, रामनिवास तिवारी, मोतीचंद जैन, मंच के कोषाध्यक्ष आदित्य पांडे, जिला कांग्रेस महामंत्री पुष्पराज सिंह, मदन पांडे, हीराचंद जैन, विकास जायसवाल, उज्ज्वल तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, एल्डरमैन रामबहादुर सिंह, पेंड्रा भाजपा मंडल महामंत्री कंचन सिंह, संतोष साहू, गोपाल जायसवाल, राजकुमार रजक, कुंजबिहारी तिवारी, कैलाश सोनी, फूलचंद राठौर, सुरेश गोयल, रूपेश पटेल, बलराम जोशी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं संगीतप्रेमी उपस्थित रहे।



हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 29 अगस्त 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

जागरूकता

मतदाता एवयरनेस में लगे पोस्टर व गूंजे नारे

बिलासपुर। मतदाता जागरूकता कार्य योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोस्टर एवं नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा सारथी पीजीडीसीए, द्वितीय स्थान रिमझिम देवांगन, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान यामिनी सिदार बीएससी प्रथम सेमेस्टर,अनुष्का साहू बीकॉम प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। नारा लेखन में निशा सारथी पीजीडीसीए प्रथम, निशु देवांगन बीएससी द्वितीय, रिमझिम देवांगन बीकॉम प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम निशा सारथी, द्वितीय संस्कृति तिवारी एवं तृतीय स्थान पर सिद्धि श्रीवास रही। भारत निर्वाचन से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 9 समूह थे, इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनुष्का साहू एवं अनुष्का कश्यप बीकॉम प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अंजलि एवं सरिता बीएससी प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर बीएससी प्रथम सेमेस्टर से नेहा कश्यप एवं अलीशा रहे। प्राचार्य डॉ नंदिनी तिवारी ने सभी छात्राओं को मतदान के महत्व को बताते हुए लोकतंत्र और युवाओं की क्या भूमिका है।

आयोजन

भोजली महोत्सव से देंगे सामाजिक समरसता का संदेश आज

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ की सदियों पुरानी भोजली लोक परंपरा को नई पहचान देने और इसे देश भर में पहुंचाने के उद्देश्य से अगुवाई जन कल्याण समिति द्वारा शनिवार को भव्य भोजली महोत्सव एवं प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह आयोजन शनिचरी रपटा चौक चांटीडीह अरपा नदी तट में दोपहर 2 से रात्रि 8 बजे तक किया जाएगा। आयोजन के संयोजक विष्णु यादव ने बताया कि आज दुनिया फ्रेंडशिप डे के माध्यम से दोस्ती का उत्सव मनाती है, वहीं छत्तीसगढ़ में 'मितान' और 'गींया' बनने की परंपरा सदियों से रही है। भोजली के माध्यम से बनने वाला यह रिश्ता केवल दोस्ती नहीं, बल्कि विश्वास, आत्मीयता और जीवन भर साथ निभाने की भावना का प्रतीक है। इसी विशिष्ट परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से भोजली को छत्तीसगढ़िया फ्रेंडशिप डे के सांस्कृतिक संदेश के रूप में देश के सामने प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है। पारंपरिक लोकगीतों, नृत्य और सामूहिक सहभागिता के साथ भोजली विसर्जन किया जाएगा।

कार्यक्रम

छात्राओं ने निकाली नेत्रदान जागरूकता रैली

बिलासपुर। स्वामी आत्मानंद शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या पूर्व माध्यमिक शाला दयालबंद के तत्वावधान में सक्षम नेत्रदान प्रकोष्ठ बिलासपुर ने कार्निया अंधत्व मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम कर रैली निकाली। कार्यक्रम का नेतृत्व दृष्टि प्रकोष्ठ प्रभारी रेखा गुल्ला ने किया। विद्यालय के प्रधानपाठक रमेश कुमार देवांगन ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने वाले संदेशों एवं नारों के माध्यम से लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। श्रीमती गुल्ला ने विद्यार्थियों को नेत्रदान के महत्व, कार्निया अंधत्व तथा नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मरणोपरांत किया गया नेत्रदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में रोशनी ला सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक होने के साथ ही अपने परिवार एवं समाज को भी नेत्रदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

हेल्थ लाइव

बच्चों को मोबाइल से दूर रखने पैरेंट्स उठाएं जरूरी कदम

बिलासपुर। यदि आपका बच्चा भी पूरे टाइम मोबाइल में लगा रहता है तो कुछ क्रिएटिव आइडिया आजमाकर उसका स्क्रीन टाइम कम कराएं। आज के डिजिटल दौर में बच्चों को मोबाइल, टैबलेट या टीवी जैसी स्क्रीन से दूर रखना हर माता-पिता के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऑनलाइन पढ़ाई, वीडियो गेम्स और यूट्यूब की

लत बच्चों को धीरे-धीरे उनकी वास्तविक दुनिया और रचनात्मक गतिविधियों से दूर कर रही है। स्क्रीन के ज्यादा इस्तेमाल से उनकी आंखों, नींद और मानसिक विकास पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि हम बच्चों को ऐसे विकल्प दें जो न सिर्फ मनोरंजन करें, बल्कि उनके विकास में भी सहायक हों। कुछ रचनात्मक और मज़ेदार उपायों की मदद से बच्चों को तकनीक से थोड़ी दूरी बनाकर, खेल, कला और प्रकृति की ओर मोड़ा जा सकता है। इस लेख में हम ऐसे ही कुछ असरदार और दिलचस्प तरीके साझा कर रहे हैं, जो बच्चों को स्क्रीन से दूर रखने में आपकी मदद करेंगे। हर दिन एक तय समय पर बच्चों को रोचक कहानियां सुनाएं या उनसे खुद कहानी बनाने को कहें।

रक्षाबंधन: भाइयों की कलाई पर बहनों ने बांधा प्यार

भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही घरों में विशेष तैयारियां देखने को मिलीं। बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रक्षाबंधन के अवसर पर बाजारों में भी विशेष रौनक रही। विभिन्न दुकानों पर रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों की बिक्री हुई। बच्चों से लेकर महिलाओं तक में राखी खरीदने को लेकर उत्साह नजर आया। मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसी तरह शहर की कई समाजिक संस्था ने भी रक्षाबंधन पर अधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों को रक्षा का सूत्र बांधा। भाइयों ने भी जीवनभर अपनी बहनों की रक्षा करने का वचन दिया और उन्हें मनपसंद उपहार भेंट किए। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा की कोई अड़चन नहीं रही इस वजह से बहनें देर रात तक भाइयों को राखी बांधती रही। सुबह से ही घरों में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। सुबह शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों का तिलक कर आरती उतारी और उनकी कलाई पर राखी बांधी। इसके बाद भाइयों ने बहनों को उपहार एवं आशीर्वाद दिया। कई परिवारों में दूर रहने वाले भाई-बहन भी पर्व मनाने के लिए अपने घर पहुंचे, जिससे लंबे समय बाद परिवारों में मिलन और खुशी का माहौल बना रहा। बच्चों ने एक-दूसरे को राखियां बांधकर भाईचारे और आपसी प्रेम का संदेश दिया। पर्व के दौरान लोगों ने सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कई स्थानों पर बच्चों एवं युवाओं ने स्वदेशी तथा पर्यावरण अनुकूल राखियों का उपयोग किया। पूरे क्षेत्र में दिनभर उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों ने एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

बीके स्वाति दीदी ने बांधा रक्षा सूत्र

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मुख्य शाखा स्थित राजयोग भवन, टेलीफोन एक्सचेंज रोड में रक्षाबंधन का पावन पर्व आध्यात्मिक उल्लास एवं भाईचारे की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता कर परमात्मा स्मृति, पवित्रता और सकारात्मक जीवन का संदेश ग्रहण किया। इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी द्वारा भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू तथा विधायक अमर अग्रवाल सहित विभिन्न गणमान्य अतिथियों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी गईं। रक्षाबंधन के आध्यात्मिक स्वरूप को स्पष्ट करते हुए बीके स्वाति दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि यह स्वयं की बुराइयों से रक्षा, पवित्रता का संकल्प और परमात्मा से आत्मिक संबंध को मजबूत करने का पर्व है। जब मनुष्य अपने विचारों को श्रेष्ठ बनाता है और जीवन में सकारात्मकता, संयम, प्रेम एवं सद्भाव को धारण करता है, तभी वास्तविक सुरक्षा और सुख-शांति का अनुभव होता है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा समाज में आध्यात्मिक जागृति, नैतिक मूल्यों, तनावमुक्त जीवन, नशामुक्ति, सकारात्मक सोच एवं मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। अतिथियों ने कहा कि आज के समय में ऐसे आध्यात्मिक एवं मूल्य आधारित कार्यक्रम समाज में सकारात्मक वातावरण निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

खाटु श्याम का भव्य श्रृंगार कर राखी बांधी

घोघा बाबा स्थित खाटु श्याम मंदिर में रक्षाबंधन के अवसर पर खाटु श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया। भक्तों ने खाटु श्याम बाबा को राखी भी बांधी। संध्या आरती पश्चात देर रात तक भजन चलता रहा। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों का तांता लगा रहा, भक्तों ने बाबा गुलाब फूल व मोर पंख अर्पित कर आशीर्वाद लिया।



वंदे मातरम् संगठन ने पेड़ों की रक्षा का संकल्प लेते हुए बांधे रक्षासूत्र।

जेल में कतार : सिसकियों के बीच बंधी राखी

केंद्रीय जेल में भी भावनात्मक माहौल के बीच मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने केंद्रीय जेल पहुंचकर अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनके सुख, स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लंबे समय बाद बहनों से राखी बंधवाकर बंदियों के चेहरे पर भी भावनाओं और खुशी की झलक देखने को मिली।

रक्षाबंधन को लेकर जेल प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। निर्धारित प्रक्रिया के तहत बहनों को अपने भाइयों से मिलने का अवसर दिया गया। बहनों ने भाइयों का तिलक कर आरती उतारी और उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। भाइयों ने भी बहनों को आश्वस्त किया कि वे जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगे तथा परिवार की भावनाओं का सम्मान करेंगे। इस दौरान कई भाई-बहन भावुक भी नजर आए। बहनों ने अपने भाइयों के लिए बेहतर भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हिम्मत और अच्छे आचरण के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। रक्षाबंधन के इस अवसर ने जेल की चारदीवारी के भीतर भी पारिवारिक रिश्तों की गर्माहट और भाई-बहन के स्नेह को महसूस कराया।

कान्यकुब्ज समाज ने मनाया सावन उत्सव

नवयुवक कान्यकुब्ज समाज की महिला प्रकोष्ठ द्वारा सावन उत्सव एवं कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम इमलीपारा स्थित भवन में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि संजना मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि स्वर्णा शुक्ला एवं शिल्पी तिवारी एवं समाज के अध्यक्ष किरण बाजपेई, सचिव ममता, कार्यकारी अध्यक्ष नमिता बाजपेई के द्वारा पूजा अर्चना से की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि का स्वागत समाज की अध्यक्षा किरण बाजपेई एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सचिव ममता दुबे, नमिता बाजपेई, कोषाध्यक्ष मधु अवस्थी, रेणुका शुक्ला के द्वारा किया गया। तत्पश्चात महिलाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य एवं गीत संगीत सहित कृष्ण भजन प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर अध्यक्षा किरण बाजपेई, ममता तिवारी दुबे, मीरा मिश्रा,उषा किरण बाजपेई,सुरेखा दीक्षित , डॉक्टर आरती पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष नमिता बाजपेई, कोषाध्यक्ष मधु अवस्थी, रेणुका शुक्ला, नम्रता शुक्ला, सुमन अवस्थी, ऐश्वर्या लक्ष्मी मौजूद रही।

सावन हरियाली तीज उत्सव में गीतों की प्रस्तुति

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की प्रदेश एवं जिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सावन हरियाली तीज उत्सव सावन की फुहारों, हरियाली और तीज की गीतों के बीच मनाया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने सखी-सहेलियों के साथ सावन, बरखा, चूड़ी, मेहंदी और प्रियतम से जुड़े मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दी। गीत-संगीत और मधुर सुरों ने पूरे वातावरण को सावन की खुशबू से सराबोर कर दिया। उषा अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, जिला अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, सचिव अलका मुरारका के सम्मिलित प्रयास से झूले और मनोरम दोहों का आनंद लिया गया। झूलों की पेंगों के साथ गूंजते गीत और ठिठोली ने सभी के बचपन की मधुर स्मृतियों को जीवंत किया। इस मौके पर शोभा, सरोज, राधा, सुनीता, अर्चना, निर्मला, संगीता, चंद्रकला, किरण, सुमन, चन्दा, ऋतु, मंजू, सावित्री सहित अन्य सखियों की उपस्थिति रही।

माहेश्वरी महिला मंडल की सखियों ने किया डांस

माहेश्वरी महिला मंडल की सखियों ने सत्तु तीज मिलन समारोह पारंपरिक तरीके से मनाया। सर्वप्रथम महेश वंदना हुई। सखियों ने रेट्रो थीम पर आधारित गीत, डांस की प्रस्तुति दी।सावन तीज पर आधारित गेम हुए। रंगारंग कार्यक्रम का सभी ने आंनद लिया। अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष ने अपने अनुभव साझा कर भावी योजनाओं की जानकारी दी। जिला अध्यक्ष, सचिव ने समाज विकास के लिए नई योजनाओं के बारे में बताया। सावन झूला के गीत गाए गए। स्पर्धा रखी गई। विनीता, सुधा, शिवांगी, नमिता, आदिती, पूजा, रिमझिम, धनश्री ने आकर्षक डांस पेश किया। विभिन्न गेम्स में प्राइज दिए गए। इस मौके पर विनीता, किरण, ममता, अंजना, सरिता, पूनम, पूजा, शीला, सरोज, मेघा, कुसुम, हेमलता, संगीता, योगिता, नीलम, सोनाली, ज्योति, विमला, सुधा, मनीषा, दीपाली, चारु, आरती, संगीता, नमिता उपस्थित थी। सचिव पूजा टावरी ने आभार व्यक्त किया। स्वाती ने शिव भक्ति पर गीत सुनाया। समापन सुरुचि भोजन से हुआ।

कार्नर न्यूज

विकसित भारत के लिए युवाओं को सकारात्मक भाव के साथ योगदान देना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरूवार को देश व्यापी युवा कनेक्ट कार्यक्रम अटल बिहारी बाजपई विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने खेलेंगे तो खिलेंगे का आह्वान करते हुए विकसित भारत के लिए युवाओं को एकजुट होकर खेल भावना के साथ देश की एकता को बनाए रखने में अपनी ऊर्जा का सकारात्मक भाव के साथ योगदान देना होगा कहकर संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू उपस्थित रहे, उन्होंने भी उपस्थित युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को अपनाने की अपील करते हुए सभी को नशा मुक्त युवा नशा मुक्त भारत के लिए संकल्प दिलाया। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने भी संबोधित करते हुए के युवाओं से देश के लिए खेलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में माय भारत युथ डायलॉग एवं विकसित भारत लीडर्स डायलॉग विजेता आकाश अग्रवाल के द्वारा उपस्थित युवाओं और यूथ आइकन प्रशंसा पांडे, अंकिता शुक्ला अमित कुमार प्रशांत के साथ सीधे संवाद स्थापित करते हुए कहा कि युवाओं को अपने विचार इस तरह विकसित करें कि वे जॉब सीकर न बनकर जॉब क्रिएटर की भूमिका में आगे आए। देश की नीति निर्धारण में भी अपनी भूमिका निभाने के लिए तत्पर रहे, खेल में अवार्ड के साथ जो चुनौतियां है उन्हें भी स्वीकार करें, इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने नशा मुक्त भारत बनने में अपने अपने सुझाव दिए।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार सूर्यवंशी, नगर निगम के महापौर पूजा विधानी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, कुलपति प्रो ललित प्रकाश पटेरिया, कुलसचिव तारणीश गौतम, प्रो एच एस होता, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ मनोज कुमार सिन्हा, नितिन शर्मा आदि सहित विभिन्न संस्था के अधिक स्वयं सेवक शामिल रहे।

खबर संक्षेप

युवक ने पेड़ में फांसी लगाई

बिलासपुर। एक युवक ने पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पचपेड़ी टीआई कमला पुसाम ने बताया, जोंधरा रामायण चौक निवासी शांतनु यादव पिता छत्तू यादव 22 साल ने बीती रात खेत के पेड़ में गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। सीपत पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी लक्ष्मीनारायण यादव पीड़िता के घर घुसकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 64(2)(एम) बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट बीएनएस दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की पतासाजी करने के बाद थाना लाने के बाद पूछताछ किया। आरोपी के जुर्म स्वीकार करने के बाद गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

बिलासपुर। सीपत पुलिस ने धारदार हथियार लेकर डराने धमकाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिटकुला के हरदुली पारा में कलेश्वर सूर्यवंशी के घर के सामने गली में आरोपी दिनेश कोराम व शरद पटेल धारदार हथियार रखकर कलेश्वर और उसके परिवार को मारने, पीटने के लिए लहरा रहे थे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बिटकुला निवासी दिनेश कोराम पिता अवधराम कोराम उम्र 20 साल, शरद पटेल पिता संतराम पटेल उम्र 25 साल को पकड़कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

सरेआम मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। ईद का त्यौहार देखकर वापस घर जा रहे व्यक्ति के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सरकंडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ईमलीभाठा जोगी आवास निवासी शनि कुमार बंजारे पिता स्व. जनकराम बंजारे 35 साल 26 अगस्त को अपनी पत्नी भगवती कोरी और बच्चों के साथ गोलबाजार ईद का त्यौहार देखने आए थे। हास्पिटल में गार्ड का काम करने वाले विनीत श्रीवास ने पूर्व में काम के लिए शनि कुमार बंजारे से कुछ पैसे उधारी लिए थे। पैसे के लेनदेन को लेकर प्रार्थी शनि कुमार और विनीत श्रीवास के बीच विवाद होने लगा। इस दौरान विनीत श्रीवास ने अपने दोस्त किशन ध्रुव के साथ मिलकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी डबरीपारा उसलापुर निवासी विनीत कुमार श्रीवास पिता विनय श्रीवास 26 साल और किशन ध्रुव पिता सियाराम ध्रुव 29 साल के खिलाफ धारा धाराः 296, 115 (2), 351 (3), 3 (5) बीएनएस के तहत मामला कायम कर गिरफ्तार कर लिया है।

अव्यवस्था

सुबह से शाम तक लगती है गाड़ियों की कतार, लोगों को होती है काफी परेशानी

जबड़ापारा से राम सेतु पुल तक सीधी एप्रोच रोड का काम बंद, 4 महीने में एस्टीमेट तक नहीं बन सका



बिलासपुर। सरकंडा क्षेत्र अब शहर का नया जाम जोन बनता जा रहा है। खास तौर पर महामाया चौक और रामसेतू चौक में सुबह से शाम तक गाड़ियों की कतार लगी रहती है। इससे लोग खासे परेशान हो रहे हैं। इससे एक तरह से लोगों को काफी परेशानी होती है।

राम सेतु चौक पर प्रतिदिन लगने वाले जाम की परेशानियों से बचने के लिए जबड़ापारा से राम सेतु पुल के लिए सीधे एप्रोच रोड बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके बाद निगम ने 4 महीने पहले कहा था कि इस्टीमेट बनाते हुए टेंडर किया जाएगा। इससे जबड़ापारा और बंगालीपारा के लोगों को काफी राहत मिलने की बात कही जा रही थी। सुस्ती का लेकिन आलम यह है कि इसका इस्टीमेट तक अभी नहीं बन सका है। टेंडर और दूसरी प्रक्रिया तो दूर की बात है।

दरअसल रामसेतू चौक पर ट्रैफिक विभाग की ओर से सिग्नल लगाया गया है। इसमें एक रास्ता जबड़ापारा की तरफ तो एक रास्ता बंगालीपारा मुक्तिधाम की तरफ भी जाता है। जबड़ापारा से पुल की ओर जाने वाले लोगों को इससे अधिक परेशानी होती है क्योंकि पुल पर चढ़ने के साथ ही मोड़ पड़ता है। मोड़ पर ही सिग्नल और दुकानें भी हैं। इस परेशानी से सैकड़ों लोग रोजाना परेशान हो रहें। इसे देखते हुए एमआईसी सदस्य विजय ताम्रकार और क्षेत्र के पार्षद और जोन अध्यक्ष राजेश दुसेजा ने निगम से व्यवस्था सुधारने की मांग की थी। मामले को नगर विधायक अमर अग्रवाल को भी अवगत कराया गया था। इसके बाद निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, अधिक्षण अभियंता एसपी साहू, एडिशन एसपी ट्रैफिक राम गोपाल करियारे मौके पर पहुंचे थे और अधिकारियों ने पुराने पुल से रामसेतू चौक तक निरीक्षण कर यातायात में लगने वाले जाम का जायजा लिया था।

प्रस्ताव के बाद इस्टिमेट में अटकी बात

गौरतलब है कि इससे पहले ट्रैफिक समस्या से राहत के लिए एमआईसी सदस्य विजय ताम्रकार द्वारा पूर्व में डिवाइडर निर्माण का भी प्रस्ताव दिया गया था। इसकी स्वीकृति निगम आयुक्त ने सामान्य मद से दी थी। इसका टेंडर किया जा चुका है और काम भी शुरू होने वाला है। अधीक्षण अभियंता एसपी साहू ने बताया कि नया एप्रोच रोड बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। ध्यान रहे कि इससे पहले सरकंडा इलाके में जाम की समस्या से निपटने के लिए अरपा के पुराने पुल से लगे हुए टू लेन पुल का निर्माण किया गया है। इसके बाद भी जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पाई है।

काम किया जा रहा है

अरपा पुल पर लगने वाले जाम का जायजा लिया गया। पुराने पुल से रामसेतू चौक तक निरीक्षण कर यातायात में के लिए सीधे एप्रोच रोड बनाया जाएगा। इस पर काम किया जा रहा है। – **एसपी साहू,** अधीक्षण अभियंता

मरवाही वन मंडल के पीपरखूंटी का मामला: शिकायत के बाद वन विभाग ने की लकड़ी जब्त

सागौन के 21 हरे-भरे पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी, आरोपी की तलाश शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन वृत्त बिलासपुर के मरवाही वन मंडल के पीपरखूंटी में आसामाजिक तत्वों ने सागौन के हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच और आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के गौरेला वन परिक्षेत्र स्थित पीपरखूंटी बीट में एक बार फिर सागौर के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई गई है। यहां 21 नग सागौन के पेड़ों को काटने के बार ग्रामीणों ने भी नाराजगी जाहिर की है। ग्रामीणों का आरोप है कि जंगल के अंदर लगातार पेड़ों की कटाई हो रही है, लेकिन वन विभाग की टीम नियमित निगरानी नहीं कर पा रही है, जिसकी वजह से आरोपियों के हौसले भी बढ़ते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने पेड़ों की कटाई की जानकारी मिलने के बाद गौरेला रेंज आफिस में शिकायत की। शिकायत के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जहां टीम ने लकड़ियों को उठाया गया। गौरेला रेंजर ज्योत्सना पांडे के अनुसार क्षेत्र में लकड़ी और रेत माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आशंका जताई है कि वन विभाग को बदनाम करने के लिए माफियाओं की ओर से पेड़ों की कटाई की जा रही है। पीपरखूंटी में कुछ माह पहले स्टेट फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक कटे हुए पेड़ जब्त किए थे, जिसमें तत्कालीन रेंजर, डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड गार्ड को निलंबित किया गया था। वहीं मरवाही वन मंडल के डीएफओ कुमार निशांत का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्व पेड़ों की कटाई का कार्य कर रहे हैं, जिनकी खोजबीन शुरु कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस हिरासत में आरोपी।

किसान को कीटनाशक पिलाने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हिर्री थाना क्षेत्र के ग्राम पथराली में खेत की फसल को मवेशियों द्वारा चराने की बात को लेकर हुए विवाद ने हत्या का रूप ले लिया। विवाद के दौरान कुछ लोगों ने 58 वर्षीय किसान को पकड़कर जबरदस्ती कीटनाशक पिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में हिर्री पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही एक नाबालिग को भी अभिरक्षा में लिया गया है।

मृतक

डीएसपी राजेश जोशी ने बताया कि 27 अगस्त की सुबह करीब 7.45 बजे ग्राम मुरू-खरकेना मार्ग पथराली निवासी राजू निर्मलकर पिता कोदू निर्मलकर के खेत की फसल को मवेशियों द्वारा चराने को लेकर विवाद हुआ था। आरोपियों ने राजू को पकड़कर जबरदस्ती कीटनाशक दवा पिला दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने के कारण मौत हो गई। राजू की मौत के बाद हिर्री पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान राजू की पत्नी शीला निर्मलकर के बयान के आधार पर पुलिस को हत्या किए जाने की जानकारी मिली। इसके बाद थाना प्रभारी दामोदर प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने आरोपियों की तलाश कर गोलू उर्फ जगजीवन पठारी, मनमोहन पठारी, संदीप यादव और राकेश निर्मलकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपित ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी गोलू उर्फ जगजीवन पठारी ने अपने बयान में बताया कि उसने साथियों के साथ मिलकर राजू को हत्या की नियत से कीटनाशक पिलाया फिर कीटनाशक की डिब्बी को खेत के पास झाड़ियों में छिपा दिया गया था। पुलिस ने मामले में चारों आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है।

पुलिस की लापरवाही

राजू निर्मलकर की पत्नी शीला ने बताया कि मारपीट के बाद वह स्वजन को साथ लेकर हिर्री थाने पहुंची थी। पुलिस एफआईआर दर्ज करने टालमटोल करती रही। थाना प्रभारी इसे मामूली विवाद बोलकर एफआईआर दर्ज करने से इंकार करने के साथ ही घायल को अस्पताल भी नहीं भेजा। पुलिस की इस लापरवाही के चलते किसान को समय पर इलाज नहीं मिल पाया। जब किसान की तबीयत बिगड़ने लगी तब स्वजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जब किसान की मौत हो गई तब आनन-फानन में पुलिस ने जांच शुरू की।

वन्यप्राणियों का शिकार करने जंगल में बिछाया करंट का जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल बिलासपुर में रतनपुर वन परिक्षेत्र के भैंसाझार जंगल में वन्यप्राणियों का शिकार करने के लिए 300 मीटर की दूरी तक करंट का जाल बिछाया गया था। इसकी जानकारी मिलते ही रतनपुर वन परिक्षेत्र और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर तार को हटाने के बाद जांच शुरू कर दी है।

आरोपियों की तलाश करते वनकर्मी।

आरोपियों से जब्त सामाग्री।

जानकारी के अनुसार शिकारियों ने तार बिछाकर उसमें 11 केवी का करंट दौड़ा दिया, जिसकी चपेट में आने की वजह से एक मवेशी की मौत हो गई थी। जंगल में खुलेआम मौत का जाल बिछाए जाने की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग, वन विभाग और रतनपुर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जंगल के भीतर करीब 300 मीटर की दूरी तक 11 केव्ही करंट से जुड़ा तार बिछा देखकर टीम के होश उड़ गए। मौके की स्थिति से प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि यह बिजली जाल जंगली वन्यप्राणियों का शिकार करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। जांच के उपरांत टीम ने मौके से करीब 300 मीटर विद्युत तार, सायकल सहित अन्य सामानों को जब्त किया गया है। विभाग की ओर से आशंका व्यक्त की गई है कि शिकारी जंगल के अंदर इसी रास्ते से पहुंचकर बिजली तार का जाल बिछाने और उसे संचालित करने का काम कर रहे हैं। हालांकि टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपी वहां से फरार हो गए, जिनकी तलाश शुरु कर दी गई है।

विभागीय अफसरों के अनुसार घटना स्थल तक पहुंचने वाले रास्तों और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। 11 केव्ही का यह जाल केवल जंगली वन्यप्राणियों के लिए नहीं, बल्कि जंगल में आने जाने वाले ग्रामीणों, चरवाहों व अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा खतरा बन सकता था। वन विभाग की टीम करंट की चपेट में आने से किसी भी वन्यप्राणी के शिकार व मौत के जांच में जुट गई है।

तालाब में डूबी 10 साल की मासूम, दादी ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर क्षेत्र के ग्राम सेमरा भरारी में शुक्रवार को अपनी बहन के साथ तालाब में नहाने गई 10 वर्षीय बच्ची अचानक गहरे पानी में चली गई। बच्ची के तालाब में गिरने की जानकारी मिलते ही उसकी दादी ने बिना देर किए तालाब में छलांग लगा दी और आसपास के लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला। गंभीर हालत में बच्ची को उपचार के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

अस्पताल में भर्ती बच्ची।

रतनपुर क्षेत्र के ग्राम सेमरा भरारी निवासी प्रमोद खरे रोजी-मजदूरी करते हैं। उनकी 10 वर्षीय बेटी काव्या खरे अपनी छोटी बहन मायरा खरे के साथ तालाब में नहाने गई थी। दोनों बहनें तालाब के पास थीं। इसी दौरान अचानक काव्या का संतुलन बिगड़ गया और वह तालाब के गहरे पानी में जा गिरी। काव्या को पानी में डूबता देखकर उसकी बहन मायरा घबरा गई और जोर-जोर से शोर मचाकर मदद के लिए अपनी दादी गायत्री खरे को बुलाने लगी। बच्चियों का घर तालाब के पास ही है। मायरा की आवाज सुनते ही दादी गायत्री बिना समय गंवाए तालाब की ओर दौड़ीं। पोती को पानी में डूबता देखकर उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना तालाब में छलांग लगा दी और काव्या की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने शोर मचाकर आसपास के लोगों को भी मदद के लिए बुलाया। गायत्री के प्रयास के साथ ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और तालाब में बच्ची की तलाश शुरू की। काफी प्रयास के बाद काव्या को पानी से बाहर निकाला गया। उस समय उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। स्वजन और ग्रामीण तत्काल उसे उपचार के लिए सिम्स अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने मासूम का इलाज शुरू किया। समय पर बच्ची को पानी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाए जाने से उसकी जान बच गई। फिलहाल डाक्टरों की निगरानी में काव्या का उपचार जारी है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

तोड़फोड़ करने वाला आरोपी गया जेल

बिलासपुर। शराब के लिए पैसा मांगने के बाद नहीं देनें पर जान से मारने की धमकी देते हुए तोड़फोड़ करने वाले आरोपी की शिकायत के बाद तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार तोरवा देवरीखुर्द निवासी अवधेश कुमार प्रसाद पिता स्व. बिन्देश्वरी प्रसाद 35 साल से मोहल्ले का व्यक्ति जगन्नाथ बाघ उर्फ जग्गू घर आकर शराब पीने के लिए पैसा मांग रहा था। अवधेश ने उसे पैसे देने से इंकार कर दिया। इससे नाराज होकर जगन्नाथ ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए स्कूटी को तोड़फोड़ कर दिया। शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अंतरराज्यीय चोर गिरोह की महिला गिरफ्तार

बिलासपुर। जीआरपी की ट्रेनों में जेवरात व अन्य सामानों की चोरी करने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह की एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार लिंगियाडीह सरकंडा निवासी छाया यादव पति दिलीप यादव 32 साल 26 अगस्त को बिलासपुर-कोरबा लोकल में कोरबा जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रही थी। इस दौरान ट्रेन में सवार होते समय महिला यात्री का पर्स पार हो गया। पर्स में सोने-चांदी के जेवरात और नकद रकम रखे हुए थे। प्रार्थिया की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (सी) बीएनएस के तहत मामला कायम कर छानबीन शुरु कर दी गई। आरोपी की खोजबीन और पेट्रोलिंग के दौरान जीआरपी की टीम ने प्लेटफार्म नम्बर एक हावड़ा छोर पर एक महिला ग्राम कटिन गुलगुलिया पुरुलिया पश्चिम बंगाल निवासी सकिना वेद पति राजेश उर्फ दिनेश वेद 35 साल को पकड़ा। पूछताछ और जांच के बाद महिला के पास से जेवरात और नकद रकम जब्त करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

शराब दुकान के मैनेजर से 1 लाख 12 हजार की ठगी

बिलासपुर। फेसबुक पर दवाई का विज्ञापन देखकर आनलाइन आर्डर करना सरकारी शराब भट्ठी के मैनेजर को महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से दो दिनों में एक लाख 12 हजार 579 रुपए निकाल लिए। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करने के बाद सरकंडा थाना पहुंचकर मामला कायम किया।

तोरवा क्षेत्र के देवरीखुर्द अटल आवास के पास रहने वाले चोखे लाल वर्मा लिंगियाडीह शराब दुकान में मैनेजर हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 13 अगस्त को फेसबुक पर दवाई का विज्ञापन देखने के बाद उन्होंने आनलाइन आर्डर किया। कंपनी की ओर से भुगतान के लिए बार कोड भेजा गया, जिसके जरिए उन्होंने एक हजार रुपए का भुगतान किया। इसके बाद पार्सल उनके पते पर पहुंचा, लेकिन रिसीव नहीं कर पाने के कारण डिलीवरी ब्वाय उसे वापस ले गया। डिलीवरी ब्वाय से बात करने पर कंपनी से संपर्क करने को कहा गया। कंपनी से संपर्क करने पर पार्सल दोबारा मंगाने के लिए मोबाइल से दो रुपये का भुगतान करने को कहा गया। उन्होंने दो रुपए का भुगतान किया, लेकिन ट्रांजेक्शन फेल हो गया। कई बार प्रयास के बाद भी भुगतान सफल नहीं हुआ। इसी दौरान 13 अगस्त को लिंगियाडीह शराब भट्ठी में ड्यूटी के दौरान उनके साथी ने सामान वापस मंगाने के लिए उनके मोबाइल में आनलाइन माध्यम से एक एपीके फाइल डाउनलोड कर दी। फाइल डाउनलोड होने के तुरंत बाद उनके खाते से रकम कटने लगी। 13 अगस्त को खाते से 98 हजार 259 रुपए और 14 अगस्त को 14 अगस्त 320 रुपए निकाल लिए गए। इस तरह 15 बार में एक लाख 12 हजार 579 रुपए की आनलाइन ठगी हुई। खाते से लगातार रकम कटने पर उन्हें साइबर ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने 1930 पर काल कर शिकायत दर्ज कराई। सरकंडा पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दिया है।

ठगी का खेल फेसबुक विज्ञापन से

फेसबुक पर दवाई का विज्ञापन देखकर चोखे लाल वर्मा ने आनलाइन आर्डर किया था। कंपनी की ओर से भेजे गए बार कोड के जरिए उन्होंने पहले एक हजार रुपए का भुगतान किया। पार्सल रिसीव नहीं कर पाने के बाद उन्होंने कंपनी से संपर्क किया। कंपनी ने पार्सल दोबारा भेजने के नाम पर सिर्फ दो रुपए भुगतान करने को कहा। भुगतान फेल होने के बाद कई बार प्रयास किया गया। इसी दौरान उनके मोबाइल में एपीके फाइल डाउनलोड की गई। फाइल डाउनलोड होने के तुरंत बाद बैंक खाते से रकम कटने लगी और देखते ही देखते खाते से लाखों रुपये निकल गए।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411